आवश्यकता है
दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

दैनिक
# उजाला हितैषी एक्सप्रेस
सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 | अंक : 231 | हापुड़ , शनिवार 8 मार्च 2025 | RNI.NO. UPHIN/2020/86789 | मूल्य:03 | पेज: 06

## काशी और अयोध्या के अब मथुरा व ब्रजभूमि के कायाकल्प का समय - मुख्यमंत्री

मथुरा । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा जिले के बरसाना में शुक्रवार को 'रंगोत्सव 2025' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी और अयोध्या के बाद अब मथुरा और ब्रजभूमि के कायाकल्प का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि पांच हजार साल से भारत की सनातन संस्कृति को ऊर्जा देने वाली यह ब्रजभूमि श्रद्धा और आस्था की धरा है। इसके कण-कण में श्रीराधा और श्रीकृष्ण के दर्शन होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश का सौभाग्य है कि यहां काशी, अयोध्या और मथुरा, ये तीनों तीर्थ स्थल सनातन एकता के प्रतीक के रूप में मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विरासत और विकास की नई परंपरा स्थापित हुई है, जिसका परिणाम हाल ही में संपन्न प्रयागराज महाकुंभ के भव्य आयोजन के रूप में देखने को मिला। उन्होंने कहा कि जो जितना सनातन धर्म के खिलाफ बोलता था, अफवाह फैलाता था और तर्कहीन बातें करता था, उन्हें सनातन धर्मावलम्बियों ने महाकुंभ के जरिए करारा जवाब दिया है। महाकुंभ सनातन धर्म का दुर्लभतम क्षण बन गया है। योगी ने होली को एकता का सूत्र बताते हुए कहा कि होली आपसी सद्भाव और दूरियों को मिटाने का त्योहार है। महाकुंभ ने जहां दुनिया को एकता का संदेश दिया, वहीं होली इसे और मजबूत करती है। उन्होंने बरसाना की विश्व प्रसिद्ध लठ्ठमार होली और लड्डूमार होली का जिक्र करते हुए सनातन धर्म की अद्भुत परंपराओं की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार के बजट में ब्रजभूमि के विकास के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। करोड़ों की योजनाओं के साथ बरसाना



को विकास से जोड़ा जा रहा है। पहली बार बरसाना में रोपवे की सुविधा शुरू हुई है। महाकुंभ के सकुशल सम्पन्न होने के बाद अब फुरसत मिली है। काशी, अयोध्या, प्रयागराज, मां विंध्यवासिनी धाम के विकास के बाद अब बारी इसी पुण्यभूमि की है। उन्होंने आश्वस्त किया कि मथुरा, बरसाना, ब्रजभूमि के विकास के लिए कोई सीमा नहीं है। योगी ने कहा कि वे होली के अवसर पर श्रीराधारानी के चरणों में इसी निवेदन के साथ पहुंचे हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने दिल्ली में रामभक्तों की सरकार आने का जिक्र करते हुए यमुना के संरक्षण का वादा दोहराया। उन्होंने कहा कि अब यमुना मइया भी गंगा मां की तरह निर्मल और अविरल होंगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने संतों का सम्मान किया और देश-दुनिया से आए लोगों को होली एवं रंगोत्सव की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बरसाना ब्रह्मा, नंदगांव शिव और गोवर्धन विष्णु जी का प्रतीक है। यह ब्रजभूमि हर सनातन धर्मावलंबी के लिए आशीर्वाद का केंद्र है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सुरक्षा, विकास और समृद्धि की गारंटी है। होली के इस पावन अवसर पर ब्रजभूमि के विकास को नई गति मिलेगी। इससे पहले मुख्यमंत्री ने श्रीलाडली जी महाराज के मंदिर में दर्शन-पूजन कर प्रदेश के कल्याण की कामना की।

इस अवसर पर संतजन विनोद बाबा, रामसुख दास, माधवदास मौनी बाबा, फलहारी बाबा, राज्य सरकार के मंत्री संदीप सिंह एवं चौधरी लक्ष्मी नारायण, सांसद तेजवीर सिंह, विधायक मेघश्याम सिंह, पूरण प्रकाश, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी, भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह, ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्र आदि मौजूद रहे। वहीं गीतांजली शर्मा ने अपने समूह के साथ नृत्य के जरिए फूलों की होली पर विशेष प्रस्तुति दी।

## मायावती ने मदरसों को सील करने पर उत्तराखंड सरकार की आलोचना की

लखनऊ । बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने शुक्रवार को उत्तराखंड सरकार की देहरादून में मदरसों को सील करने की कार्रवाई की कड़ी आलोचना की और इसे 'द्वेषपूर्ण' तथा 'गैर-धर्मनिरपेक्ष कदम' करार देते हुए सरकार से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले फैसलों से बचने की अपील की। उनकी यह टिप्पणी देहरादून जिले में 15 मदरसों को सील किये जाने के बाद आई है।

जिला प्रशासन ने उत्तराखंड मदरसा शिक्षा परिषद से पंजीकरण के बिना चल रहे मदरसों पर कार्रवाई करने का आदेश दिया था।

उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''सरकार धार्मिक भावनाओं को आहत पहुंचाने वाली ऐसी द्वेषपूर्ण व गैर सेक्युलर कार्रवाईयों से जरूर बचे।'' उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कांग्रेस नेता उदित राज पर भी निशाना साधा। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक अन्य पोस्ट में कहा, ''बहुजन समाज के हितों के प्रति समर्पित संगठनों ने बसपा और उसकी मजबूत नेतृत्व क्षमता के खिलाफ एक घमंडी और अहंकारी कांग्रेस नेता की निराधार टिप्पणी की निंदा की है।

लोगों को ऐसे तत्वों से सावधान रहना चाहिए।'

' उदित राज ने बृहस्पतिवार को कहा था कि बसपा से निष्कासित किए गए आकाश आनंद तथा कांशीराम के आंदोलन से जुड़े सभी लोगों को कांग्रेस में शामिल होकर संविधान बचाने की लड़ाई लड़नी चाहिए।

उन्होंने यह दावा भी किया कि आकाश आनंद को दो बार बसपा का राष्ट्रीय समन्वयक बनाना और फिर पार्टी से निकालना इस बात को दर्शाता है कि बसपा का संचालन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कर रही है। मायावती ने पार्टी कार्यकर्ताओं से बसपा संस्थापक कांशीराम की जयंती (15 मार्च) को मिशनरी भावना के साथ मनाने की अपील की।

उन्होंने कहा, ''मैं मान्यवर कांशीराम जी की जयंती 15 मार्च को पूर्ण मिशनरी भावना से मनाने की अपील करती हूं। इसी संबंध में मैंने आज सुबह लखनऊ में 'बहुजन समाज प्रेरणा केंद्र' और बसपा कार्यालय का दौरा किया।''

## 'नायक' फिल्म के नायक जैसा महसूस कर रही हूं - रेखा गुप्ता

नई दिल्ली । दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि इस पद के लिए चुने जाने के बाद उन्हें हिंदी फिल्म 'नायक' के नायक जैसा महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह कोई 'लॉटरी' नहीं बल्कि देश की सभी बेटियों के लिए सम्मान है। 'इंडिया टुडे कॉन्क्लेव' को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में भाजपा सरकार तीन साल में यमुना की सफाई सुनिश्चित करेगी, यमुना में नौका सेवा शुरू करेगी और अगले दो वर्षों में तीन 'लैंडफिल साइट' को 80-90 प्रतिशत तक कम करेगी। गुप्ता भाजपा शासित राज्यों में एकमात्र महिला मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार की अन्य प्राथमिकताएं यह सुनिश्चित करना है कि दिल्ली के लोगों को गर्मियों में पानी की कमी और मानसून के दौरान जलभराव का सामना नहीं करना पड़े। मुख्यमंत्री पद के लिए कई वरिष्ठ नेताओं और विधायकों के मुकाबले उन्हें तरजीह दिए जाने के बारे में पूछे जाने पर गुप्ता ने कहा, ''किसी को कोई गलतफहमी नहीं होनी चाहिए। यह जीत दिल्ली



की जनता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की वजह से है।'' गुप्ता ने कहा, ''यह कोई पद नहीं है, यह एक काम और जिम्मेदारी है। हमारा लक्ष्य विकसित भारत के लिए विकसित दिल्ली बनाना है।'' उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि भारतीय समाज में महिलाओं को ''फ्रंट फुट'' पर आगे बढ़ने के अवसर नहीं मिलते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में उनकी नियुक्ति देश की सभी बेटियों के लिए सम्मान की बात है और इसे लेकर काफी उत्साह है। गुप्ता ने कहा कि एक महिला को मुख्यमंत्री के रूप में नियुक्त करना पार्टी और प्रधानमंत्री मोदी का एक बहुत ही महत्वपूर्ण दृष्टिकोण है और यह केवल एक ''प्रतीकात्मक बदलाव'' नहीं है, बल्कि महिलाओं को निर्णय लेने वाले उच्च पदों पर पदोन्नत करने का एक वास्तविक प्रयास है। गुप्ता ने कहा कि यह एक सपने के सच होने जैसा नहीं है। उन्होंने कहा कि वह अपने रास्ते पर आगे बढ़ रही थीं और तभी उन्हें इस पद के लिए चुना गया। दिल्ली की मुख्यमंत्री ने कहा, ''मैं 'नायक' फिल्म के नायक जैसा महसूस कर रही हूं। मैं यह नहीं कहूंगी कि यह लॉटरी लगने जैसा था। यह देश की सभी बेटियों का सम्मान है और मोदी जी ने महिला-नेतृत्व वाले विकास और महिला-नेतृत्व वाली सरकार के दृष्टिकोण को साकार किया है।'' उन्होंने कहा कि दिल्लीवासी अब समझ गए हैं कि भाजपा की ''डबल इंजन'' की सरकार राष्ट्रीय राजधानी को विकसित शहर बनाने के लिए ''सबसे अच्छा रास्ता'' है। गुप्ता ने कहा कि पार्टी का पूरा नेतृत्व उनके साथ खड़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के लोगों को नई सरकार से बहुत उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा कि वह बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने और दिल्ली को एक आधुनिक शहर बनाने की दिशा में काम करेंगी। उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण एक बड़ी चुनौती है जिसके लिए उनकी सरकार विशेषज्ञों के परामर्श से समयबद्ध तरीके से काम करेगी। गुप्ता ने कहा कि सरकार वायु प्रदूषण में योगदान देने वाले कारकों जैसे पराली जलाना और वाहनों से निकलने वाले उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए गहनता से काम करेगी। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि वह लोगों के बीच रहेंगी, न कि ''शीश महल'' में। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस बंगले में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रहते थे, उसका इस्तेमाल सार्वजनिक उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

## भाजपा सरकार में ठगों और अपराधियों को सत्ता का संरक्षण - अखिलेश



लखनऊ । समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उप्र के पूर्व मुख्यममंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार को प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार में ठगों और अपराधियों को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है और अपराधी, हिस्ट्रीशीटर तथा ठग सत्ताग से गठजोड़ कर आम जनता को लूट रहे हैं। सपा मुख्यारलय से जारी बयान में यादव ने दावा किया सरकार लुटेरे और हत्यारों के साथ खड़ी है। सरकार सदन से सड़क तक जनता को अपराधियों और हिस्ट्रीसीटरों के अवैध कारनामों और वसूली की कहानियां सुनाती नहीं थकती। सपा प्रमुख ने कहा कि उत्तर प्रदेश के इतिहास में पहली बार हो रहा है जब सरकार प्रदेश की जनता को ठगने वाले ठगों और दबंगों का महिमा मंडन कर रही है। अखिलेश ने कहा कि पवित्र महाकुंभ में भाजपा सरकार के संरक्षण में न जाने कितने ठगों और लुटेरों ने श्रद्धालुओं की आस्था का दोहन किया। इसकी कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि इसी कहानी से भाजपा सरकार की नीति और नियत का पता चल जाता है कि वह कैसे चल रही है। उप्र सरकार ने बुधवार को दावा किया था कि महाकुंभ के 45 दिनों में एक नाविक पिंटू महारा के परिवार ने 30 करोड़ रुपये कमाए। सरकार ने एक बयान में कहा था, 'पिंटू के जीवन में एक साहसिक निर्णय ने नाटकीय मोड़ ले लिया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए, उन्होंने महाकुंभ से पहले अपने बेड़े को 60 से बढ़ाकर 130 नावों का कर दिया।' अखिलेश का यह बयान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विधानसभा में की गई टिप्पणी के बाद आया है, जहां उन्होंने महाकुंभ की विपक्ष की आलोचना का जवाब दिया था। उन्होंने कहा था, 'मैं एक नाविक के परिवार की सफलता की कहानी बता रहा हूं। उनके पास 130 नावें हैं। (महाकुंभ के 45 दिनों में) उन्होंने 30 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया।'

## महिलाओं को 2,500 रुपये देने का वादा पूरा करें दिल्ली की मुख्यमंत्री- आतिशी

नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता आतिशी ने शुक्रवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखकर उनसे विधानसभा चुनावों के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा किए गए वादे के मुताबिक महिलाओं के खातों में 2,500 रुपये तत्काल हस्तांतरित करने का आग्रह किया। दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता ने लिखा, ''प्रधानमंत्री ने दिल्ली की माताओं और बहनों को आश्वासन दिया था कि भाजपा के सत्ता में आते ही मंत्रिमंडल की पहली बैठक में महिलाओं को 2,500 रुपये प्रति माह देने की योजना को मंजूरी दी जाएगी और महिला दिवस तक महिलाओं के खातों में धनराशि पहुंचनी शुरू हो जाएगी।'' आतिशी ने कहा कि महिला दिवस में अब केवल एक दिन शेष रह गया है और दिल्ली भर की महिलाएं इस वादे के पूरा होने का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। आतिशी ने कहा, ''उन्हें उम्मीद है कि भाजपा द्वारा दिए गए आश्वासन के अनुसार महिलाओं के खातों में पहली किस्त जमा हो जाएगी। दिल्ली की महिलाओं को उनका हक दिलाने के लिए बिना देरी के धनराशि हस्तांतरित की जानी चाहिए। यहां की हर महिला आपकी ओर उम्मीद से देख रही है।'' दिल्ली में पांच फरवरी को हुए विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा ने वादा किया था कि वह सत्ता में आने पर महिलाओं को 2,500 रुपये प्रतिमाह देगी, जो रकम आप द्वारा महिलाओं को 2,100 रुपये देने के वादे से अधिक है। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 70 में से 48 सीट जीती जबकि आप 22 सीट पर ही सिमट गई।

## पार्टी के वरिष्ठ नेताओं संग राहुल ने की बैठक




अहमदाबाद । लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस लीडर राहुल गांधी दो दिन के दौरे पर गुजरात पहुंचे हैं। इस बीच एयरपोर्ट पर राहुल गांधी का अनेक नेताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। दो दिन वे कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठकों की मैराथन सीरीज करेंगे। इसी बीच राहुल गांधी ने वरिष्ठ नेताओं के साथ कांग्रेस दफ्तर में मीटिंग की है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेताओं के साथ कांग्रेस ऑफिस में एक महत्वपूर्ण बैठक की है। इस दौरान उनके साथ संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, गुजरात प्रभारी मुकुल वासनिक और प्रदेश अध्यक्ष शक्ति सिंह गोहिल मौजूद थे। 9 घंटे में 5 बैठकें करेंगे राहुल राहुल गांधी गुजरात में कांग्रेस को मजबूती देने के लिए 9 घंटे में 5 महत्वपूर्ण बैठकें करने जा रहे हैं। इन बैठकों में वे प्रदेश नेताओं, जिला-स्तरीय पदाधिकारियों और वार्ड अध्यक्षों से मुलाकात करेंगे और आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए संगठन की रणनीति पर चर्चा करेंगे।

दशकों बाद गुजरात में कांग्रेस अधिवेशन 8 और 9 अप्रैल को गुजरात में कांग्रेस का महाधिवेशन होने जा रहा है। इससे पहले कांग्रेस का आखिरी अधिवेशन 1961 में भावनगर में हुआ था। 64 साल बाद गुजरात कांग्रेस का इतना बड़ा आयोजन कर रही है। इसी वजह से राहुल गांधी संगठनात्मक तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। यहां बताते चलें कि गुजरात में कांग्रेस की पकड़ लगातार कमजोर होती गई, जिसे मजबूती देने राहुल गांधी यहां पहुंचे हैं। 2022 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस केवल 17 सीटें ही जीत पाई थी, जबकि 2017 में उसे 77 सीटें मिली थीं। ऐसे में राहुल गांधी का यह दौरा गुजरात में पार्टी को पुनर्जीवित करने की एक कोशिश माना जा रहा है।

## सीआईएसएफ ने देश के विकास में निभाई है अहम भूमिका - अमित शाह

चेन्नई । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को तमिलनाडु के रानीपेट जिले के थक्कोलम में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 56वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए। सीआईएसएफ क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र (आरटीसी) में गार्ड ऑफ ऑनर प्राप्त करने और रस्मी परेड देखने के बाद श्री शाह ने सीआईएसएफ कर्मियों का साहसिक अभ्यास देखा। इस अभ्यास में आतंकवादी ताकतों को बेअसर करना, आतंकवादी हमलों के प्रयासों को विफल करना, आतंकवादियों से %बंधकों% को छुड़ाना, खोजी कुत्तों और अन्य मॉक ड्रिल का उपयोग करके बमों का पता लगाना तथा उनका निपटान करना शामिल था। इससे पहले, श्री शाह ने आरटीसी पहुंचने के साथ ही इसका नाम बदलकर सदियों पहले युद्ध में शहीद हुए चोल राजकुमार की याद में राजादित्य चोलन क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र (आरटीसी) कर दिया। आरटीसी का नाम बदलकर राजदित्य चोलन के नाम पर रखने का आदेश सीआईएसएफ के महानिदेशक राजविंदर सिंह भट्टी ने जारी किया। श्री शाह गुरुवार रात नई दिल्ली से विशेष विमान से अरक्कोणम स्थित आईएनएस राजाली एयर बेस पहुंचे। आईएनएस राजाली से वह रात्रि विश्राम के लिए थक्कोलम स्थित आरटीसी पहुंचे, जहां उन्होंने आरटीसी के नाम बदलने के समारोह और सीआईएसएफ के 56वें स्थापना दिवस समारोह में हिस्सा लिया। गुजरात और पश्चिम बंगाल से शुरू होने वाले सीआईएसएफ तटीय साइक्लोथॉन 'सुरक्षित तट, समृद्ध भारत' को थक्कोलम से वर्चुअली हरी झंडी दिखाने के बाद वह आईएनएस राजाली के लिए रवाना हुए, जहां से उन्होंने बेंगलुरु के लिए प्रस्थान किया। श्री शाह के दौरे के मद्देनजर पुलिस ने रानीपेट, वेल्लोर और तिरुप्पत्तूर जैसे पड़ोसी जिलों तथा अरक्कोणम में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। श्री शाह के दौरे के मद्देनजर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के तहत जिला प्रशासन ने दो दिनों के लिए ड्रोन और किसी भी अन्य मानव रहित हवाई वाहन की उड़ान पर प्रतिबंध लगा दिया है। गौरतलब है कि सीआईएसएफ भारत के सुरक्षा तंत्र में एक महत्वपूर्ण अंग के रूप में कार्य करता है। वर्तमान में, लगभग दो लाख कर्मियों के साथ, सीआईएसएफ कर्मी भारत भर में 359 प्रमुख प्रतिष्ठानों को सुरक्षा प्रदान करते हैं, जिनमें 25 राज्य, पाँच केंद्र शासित प्रदेश, 68 हवाई अड्डे, दिल्ली मेट्रो रेल, 103 बिजली संयंत्र, 18 परमाणु सुविधाएँ, 17 अंतरिक्ष-संबंधी प्रतिष्ठान, 47 केंद्रीय सरकारी भवन, 14 बंदरगाह, छह रक्षा प्रतिष्ठान, 37 तेल और प्राकृतिक गैस इकाइयाँ, 19 इस्पात संयंत्र और 10 कोयला खदानें शामिल हैं सीआईएसएफ का विशेष सुरक्षा समूह (एसएसजी) 150 से अधिक वीआईपी को सुरक्षा प्रदान करने के अलावा विशेष अग्निशमन प्रभाग में लगभग नौ हजार कर्मियों के कार्यबल के साथ 22 राज्यों में 113 अग्निशमन स्टेशनों का प्रबंधन भी करता है।

## जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए पर्यावरण अनुकूल पहलों को बढ़ावा देना आवश्यक - राष्ट्रपति

नई दिल्ली । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को सिविल सेवा अधिकारियों से कहा कि जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण क्षरण की चुनौतियों से निपटने के लिए पर्यावरण अनुकूल पहलों को बढ़ावा देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विकास का लाभ समाज के सभी वर्गों, विशेष रूप से वंचितों और हाशिए पर पड़े लोगों तक पहुंचना चाहिए।

एलबीएसएनएए में 126वें प्रेरण प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे राज्य सिविल सेवा अधिकारियों ने आज राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से अपने कामकाज में स्थिरता और समावेशिता के सिद्धांतों को बनाए रखने का आग्रह किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने अधिकारियों को उनकी पदोन्नति और भारतीय प्रशासनिक सेवा में शामिल होने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को अपनी नई भूमिका में दूसरों को प्रेरित करना चाहिए और उदाहरण पेश करना चाहिए तथा अपने आस-पास के लोगों को सार्वजनिक सेवा में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। राष्ट्रपति ने उन्हें प्रशासनिक कामकाज और सरकारी नीतियों और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में राष्ट्रीय और समावेशी दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी। राष्ट्रपति ने कहा कि शासन का सार लोगों की जरूरतों के प्रति जवाबदेही और





संवेदनशीलता में निहित है। नागरिक-केंद्रित प्रशासन लोगों के कल्याण को प्राथमिकता देता है, गरीबों और वंचितों पर ध्यान केंद्रित करता है। उन्होंने उन्हें यह सुनिश्चित करने की सलाह दी कि नीतियों और कार्यक्रमों को इस तरह से लागू किया जाए, जिससे उनकी चिंताओं का प्रभावी ढंग से समाधान हो। उन्होंने कहा कि वे जो निर्णय लेते हैं और जो नीतियां लागू करते हैं, उनसे हमारे देश और लोगों के विकास में योगदान मिलना चाहिए।

# संपादकीय

## जीवन के हर मोर्चे पर संघर्षरत भारतीय नारी

भारतीय नारी आज के समय में विश्व की ऐसी नारी है जो अपने जीवन में कई-कई मोर्चों पर संघर्ष कर रही है, और जीवन जीने के नए मायने तलाश रही है। हालांकि हमारे देश में भी अवैध सेक्स के प्रति रुझान बढ़ रहा है साथ ही साथ लिव इन जैसी बुराइयां भी घर कर रही हैं। हर रोज महिलाओं के साथ हत्या-अत्याचार जैसी दुर्घटनाएं भी बढ़ रही हैं। इस कारण जो महिला जीवन मूल्यों को साथ रखकर चलना चाहती है, उसके सामने निश्चित रूप से बहुत सारी चुनौतियां पेश आती हैं। भारतीय महिला के सामने शादी और संतान जैसी अनिवार्यता निश्चित रूप से सामने आती है। एक वक्त उसे यह एहसास हो जाता है कि शादी में जीवन की जो सुरक्षा-संरक्षा की सकारात्मक स्थिति है, दूसरे तरह के जीवन में नहीं है। वह विवाह करती है और वात्सल्य का आनंद भी लेती है। लेकिन इतने भर से उसकी जिम्मेदारी व जिम्मेवारी समाप्त नहीं हो जाती। उसके सामने एक चुनौती होती है कि संतानों को पाल-पोस कर, पढ़ा-लिखा कर उनको एक सकारात्मक जीवन का मालिक बना दे। और इस पूरे क्रम में पति की जो भूमिका होती है, निश्चित रूप से कम नहीं होती, मगर एक पत्नी के बराबर की भी नहीं होती। घर के सारे काम-काज में भी महिलाओं की भूमिका बहुत चुनौतीपूर्ण होती है। पति-बच्चे, घर-परिवार, रिश्तेदारी-नातेदारी, सब के सब किसी न किसी स्तर पर अभिमान का आभास कराते हैं, मगर जब इनके निर्वाह की जटिल समय आती है तो पसीने छूट जाते हैं। वह एक महिला ही समझ सकती है, बजट का ध्यान रखकर घर-परिवार की गाड़ी को दौड़ाना कितना मुश्किल है। एक तो आज की भारतीय नारी अपने अधिकारों के प्रति सजग हो गई है, साथ ही साथ मंहगाई और आवश्यकताओं के इस दौर में उसे घर से निकलकर रुपए कमाने के लिए भी तैयार होना पड़ रहा। यह जरूरी नहीं कि सभी महिलाओं को सरकारी नौकरी मिल जाए। ज्यादातर महिलाओं को निजी क्षेत्रों में जाना पड़ता है। और इन परिस्थितियों में अघोषित नियमों और शर्तों के साथ समझौता करना सभी महिलाओं के वश की बात नहीं होती है। आज की बहुत बड़ी सच्चाई तो यह है कि निजी क्षेत्र का एक बहुत बड़ा हिस्सा निरंकुश हैं और यहां कामकाजी महिला कंपनी मालिक की निजी संपत्ति होती है और वह मनमाने तौर पर उसका इस्तेमाल करता है। अगर कामकाजी महिला की पृष्ठभूमि मजबूत व सुदृढ़ होती है तो कोई बात नहीं, अन्यथा तो कंप्रोमाइज करने के लिए बाध्य होना पड़ता है। और एक चुनौती ! समाज में रहकर एक महिला सामाजिक जिम्मेदारियों से मुंह नहीं मोड़ सकती। भारतीय समाज में औरतों की स्थिति अच्छी नहीं है। महिलाएं खुद महिलाओं की टांग खींचने का काम करती हैं। आजकल महिलाओं में बच्चों का विकास, उनका स्वास्थ्य, उनकी शिक्षा-दीक्षा आदि को लेकर चर्चाएं कम होती हैं। नारी की उन्नति को लेकर चर्चाएं कम होती हैं, घर-परिवार के विकास को लेकर चर्चाएं कम होती हैं, बस वहां % निंदा शास्त्र % का अनवरत पाठ चलता रहता है। अवांछित व लाभ रहित चर्चाएं ज्यादा होती रहती हैं। हर रोज यह क्रम चलता रहता है कि आज किसको बदनाम किया जाए, किसका अपमान किया जाए। कुल मिलाकर सामूहिक प्रगति के स्थान पर व्यक्तिगत आलोचना बढ़ती चली जा रही है। ऐसे वातावरण में अपने लिए स्थान बनाना उन महिलाओं के लिए बहुत बड़ा संकट है जो समाज के लिए कुछ रचनात्मक करना चाहती हैं, कुछ सकारात्मक करना चाहती हैं। और ऐसी तमाम चुनौतियों के बावजूद भारतीय नारी की मूल आत्मा कुछ अच्छा कर जाने के लिए लालायित रहती है और संघर्ष करती हुई कुछ आयामों तक पहुंच ही जाती है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का उपलक्ष्य है। भारत की सभी महिलाओं को सकारात्मक सोचना होगा, अपने अंदर दृढ़ता लानी होगी। समाज के लिए अच्छा सोचकर एक अच्छा सामाजिक प्राणी बनना होगा, देश के बारे में सोचकर एक सच्चा देशप्रेमी बनना होगा। अपनी पीढ़ियों को रास्ता दिखाना होगा, अन्याय का विरोध करना होगा, नकारात्मक जीवन से तौबा करना होगा। जो आगे बढ़ जाए वही धारा है। आप सभी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की असंख्य शुभकामनाएं।

## 8 मार्च 2025 का पंचांग

सूर्योदय- 06.45 प्रात-
सूर्यास्त- 06.29 सायं
सूर्य राशि- कुम्भ राशि में।
चंद्र उदय- 1.07 दोपहर
चंद्र अस्त- रात्रि 03.24
चंद्रमा- मिथुन राशि में।






आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना फाल्गुन -08 पूर्णिमांत महीना फाल्गुन-24 पक्ष-शुक्ल पक्ष-09 तिथि-नवमी प्रात- 08.16 तक बाद में दशमी, नक्षत्र-आद्रा रात्रि- 11.28 तक बाद में पुर्नवसु, योग-आयुष्मान दोपहर- 04.24 तक बाद में सौभाग्य,
करण-कौलव प्रात- 08.16 तक बाद में तैतिल सायं- 07.56 तक बाद में ग़र, राहु काल प्रात- 09.00 से 10.30 बजे तक कुलीक काल प्रात- 06.00 से 07.30 बजे तक,यमगंड दोपहर- 01.30 से 03.00 बजे तक अभिजीत मुहूर्त दोपहर- 12.14 से 01.01 तक, दुमुहूर्त प्रात- 08.19 तक 09.06 से अमृत काल दोपहर- 01.29 से 03.04 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.09 से 05.57 तक।

## 8 मार्च 2025 का दैनिक राशिफल।

मेष- ससुराल पक्ष के कार्य के लिए भागदौड़ रहेगी, घर में बँटवारे को लेकर भी विवाद हो सकता है, किसी व्यक्ति से मुलाकात गहरे प्रेम समबन्ध में बदल सकती है।
भाग्य प्रतिशत-50

वृषभ- सोशल होने से आर्थिक लाभ मिलेगा, काम करायेंगे और फायदा लेंगे, कोर्स पूरा कर लेंगे ऐसे विश्वास में ना रहे ध्यान रखें, डेट पर जाने का अवसर मिलेगा।
भाग्य प्रतिशत-73

मिथुन- कार्यक्षेत्र या व्यवसाय में कुछ बदलाव सम्भव है, जल्दबाज़ी और अड़ियलपन से बचे, बोलने सुनने याद रखने में परेशानी आ सकती है ईलाज कराए।
भाग्य प्रतिशत-48

कर्क- क्रिएटिव कार्य शुरू करना चाहेंगे, थोड़ा विलंब अवश्य है, धन की थोड़ी किल्लत भी रह सकती है, पिता के धन का सदुपयोग करें, धर्म का लाभ मिलेगा।
भाग्य प्रतिशत-52

सिंह- गलत कार्य द्वारा भी धन कमा सकते है, सही गलत क्या है की जगह
प्रेक्टिकल रहेंगे, पत्नी की सरकारी जॉब के लिए प्रयास सार्थक होंगे।
भाग्य प्रतिशत-54

कन्या- काम बनने में प्रयास अधिक करने पड़ेंगे, खर्चा अधिक आय कम सम्भव है,विद्यार्थी अकाउंट विषय में ध्यान रखें, ग्लैमर फ़ील्ड में प्रयास सार्थक रहेगा।
भाग्य प्रतिशत-53

तुला- कम्पनी में सहकर्मी से प्रेम समबन्ध हो सकता है, किसी फ्रॉड से पाला पड़ सकता है ध्यान रखें, ब्यूटीशियन,केटरिंग कार्य चलाने में बहुत प्रयास करने पड़ सकते हैं।
भाग्य प्रतिशत-52

वृश्चिक- ब्रैंड मेनेजमेंट और पब्लिसिटी कार्य से उन्नति करेंगे, सरकारी कार्य में संघर्ष के साथ सफलता मिलेगी, पिता से मतभेद से बचें।
भाग्य प्रतिशत-54

धनु- उच्च वर्ग में उठ बैठ होगी, किसी ज़रूरत मन्द को सहयोग भी कर सकते है,जीवन साथी को समझदारी से अपने पक्ष में करें।
भाग्य प्रतिशत-64

मकर- घर से थोड़ा पास ही नौकरी चाहेंगे, ईएनटी डॉक्टर के पास जाना हो सकता है, किसी पार्टी मे जाना हो सकता है, आकर्षक बढ़ेगा।
भाग्य प्रतिशत-52

कुम्भ- पुत्री संतान को लेकर चिंता रहेगी, निर्णय लेने में परेशानी बढेगी, परिवार पर उपरी नकारात्मक शक्ति आभास हो सकता है, रोग की दवा कार्य नहीं करेगी।
भाग्य प्रतिशत-48

मीन- घर में मन नहीं लगेगा, परिवार कोई फैसला करेगा, वैवाहिक रिश्ता समझ में नहीं आएगा, व्यवसाय में देनदारी बढ़ सकती है।
भाग्य प्रतिशत-48

## त्योहारों से पहले गुलावठी में एसएसपी ने किया पैदल गश्त, सुरक्षा के दिए सख्त निर्देश





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। आगामी त्योहारों को देखते हुए जिले में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने थाना गुलावठी क्षेत्र में पुलिस फोर्स के साथ पैदल गश्त किया। इस दौरान उनके साथ अपर पुलिस अधीक्षक नगर शंकर प्रसाद और क्षेत्राधिकारी सिकंदराबाद पूर्णिमा सिंह भी मौजूद रहे। गश्त के दौरान एसएसपी ने आमजन से अपील की कि वे शांति और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखें और किसी भी अफवाह या उन्माद फैलाने वालों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। सुरक्षा को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## नगर इंचार्ज राजवीर सिंह बने इंस्पेक्टर, पुलिस कप्तान ने लगाए थ्री स्टार



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। नगर इंचार्ज सब इंस्पेक्टर राजवीर सिंह को बुलंदशहर पुलिस कप्तान श्लोक कुमार ने प्रमोशन देकर इंस्पेक्टर बनाया। इस अवसर पर पुलिस कप्तान ने उन्हें थ्री स्टार लगाकर उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों की शुभकामनाएं दीं। राजवीर सिंह की पदोन्नति पर पुलिस विभाग के समस्त स्टाफ, स्थानीय नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और राजनीतिक हस्तियों ने उन्हें बधाई दी। कस्बे के गणमान्य व्यक्तियों ने उनके कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भावना की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इंस्पेक्टर राजवीर सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया और अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा के साथ निभाने का संकल्प लिया।

## रवीना टंडन ने पेरिस फैशन वीक में बिखेरा जलवा



मुंबई । बॉलीवुड की सदाबहार फैशनिस्टा रवीना टंडन ने पेरिस फैशन वीक में जलवा बिखेर दिया। रवीना ने अपनी शानदार स्टाइल और शान से लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। अपने पहनावे के लिए मशहूर और एक सच्ची स्टाइल दिवा के रूप में मशहूर रवीना ने सोशल मीडिया पर कई शानदार तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें उन्होंने इस प्रतिष्ठित इवेंट में अपनी शानदार मौजूदगी दर्ज कराई। लग्जरी ब्रांड डेलवॉक्स के साथ अपने सहयोग के तहत इस भव्य समारोह में शामिल हुईं रवीना ने ग्लैमर और परिष्कार का सहजता से मिश्रण किया। उनके पहनावे और आत्मविश्वास से भरे आभामंडल ने उन्हें एक सदाबहार फैशन आइकन के रूप में स्थापित किया। अपनी निरंतर विकसित होती शैली और सहज अनुग्रह के साथ, रवीना दुनिया भर के फैशन प्रेमियों को प्रेरित करती रहती हैं। चाहे ऑन-स्क्रीन हो या ऑफ-स्क्रीन, वह एक ट्रेंडसेटर बनी हुई हैं, यह साबित करते हुए कि फैशन की दुनिया में उनका आकर्षण और प्रभाव पहले की तरह ही मजबूत है। पेरिस फैशन वीक में उनकी उपस्थिति शानदार रही, जिसने बॉलीवुड की सबसे स्टाइलिश डीवाज़ में से एक के रूप में उनकी प्रतिष्ठा को और मजबूत किया।

## सिकंदराबाद पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के 22,850 रुपये पीड़ित को लौटाए

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर। थाना सिकंदराबाद पुलिस ने साइबर ठगी के शिकार हुए व्यक्ति को बड़ी राहत दी है। पुलिस के प्रयासों से ऑनलाइन ठगे गए 22,850 रुपये पीड़ित के बैंक खाते में वापस कराए गए। सरकारी कॉलोनी निवासी नरेंद्र प्रसाद गौड़ ने 19 दिसंबर 2024 को एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी,
जिसमें अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन-पे के माध्यम से उनके खाते से 25,000 रुपये निकालने का आरोप था। थाना सिकंदराबाद साइबर हेल्प डेस्क ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 22,850 रुपये की राशि वापस करा दी। पीड़ित ने सिकंदराबाद पुलिस की तत्परता और सराहनीय कार्यशैली के लिए आभार व्यक्त किया। पुलिस ने नागरिकों को सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि वे अपने बैंक खाते की जानकारी, पिन, ओटीपी या सीवीवी किसी अनजान व्यक्ति से साझा न करें। किसी भी साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें।

## त्योहारों को लेकर बुलंदशहर पुलिस ने की पीस कमेटी की बैठक












उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के निर्देशानुसार जनपद के सभी थाना प्रभारियों द्वारा आगामी त्योहारों, रमजान और होली के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई और लोगों से आपसी भाईचारे व शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की गई। साथ ही, सोशल मीडिया के दुरुपयोग और अफवाहों के प्रति लोगों को सतर्क रहने के लिए जागरूक किया गया।

## बुलंदशहर पुलिस ने त्योहारों को लेकर किया पैदल मार्च









उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। आगामी त्योहारों के मद्देनजर जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के निर्देशानुसार सभी थाना प्रभारियों ने पुलिस फोर्स के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में पैदल मार्च किया। इस दौरान आमजन से अपील की गई कि वे शांति और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।
साथ ही, असामाजिक तत्वों और अफवाह फैलाने वालों की सूचना तुरंत 112 नंबर या संबंधित थाना प्रभारी को देने की अपील की गई।

## 70वें जन्मदिन पर बोले अनुपम खेर- 'एज इज जस्ट ए नंबर का उदाहरण हूं मैं'



मुंबई । अभिनेता अनुपम खेर का आज 70वां जन्मदिन है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर खेर ने बताया कि वह इस बार हरिद्वार में परिवार के साथ खास अंदाज में जन्मदिन मनाएंगे। खेर ने यह भी बताया कि वह अब खुद को यंग महसूस करते हैं। जन्मदिन के अवसर पर अभिनेता ने एक वीडियो मोंटाज शेयर करते हुए बताया कि वह ऐसे अभिनेता हैं, जिन्होंने ज्यादातर अपनी उम्र से बड़े किरदारों को पर्दे पर उतारा है। वह 'एज इज जस्ट ए नंबर' का उदाहरण हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, आज मेरा 70वां जन्मदिन है, जिस शख्स ने फिल्मों में 28 साल की उम्र में 65 साल के बुजुर्ग की भूमिका निभाई हो और फिर ज्यादातर अपनी उम्र से बड़े किरदारों में दिखा हो, उसकी जवानी तो अब शुरू हुई है! उम्र कैसे केवल एक नंबर है, मैं इसका परफेक्ट उदाहरण हूं। आप सभी की शुभकामनाओं की जरूरत है। अभिनेता ने यह भी बताया कि इस बार उनका जन्मदिन खास है। उन्होंने कहा, मैं परिवार, दोस्तों के साथ हरिद्वार आ चुका हूं। इस बार जन्मदिन स्पेशल और पूरी तरह से सनातनी होगा। वर्कफ्रंट की बात करें तो अनुपम खेर की अपकमिंग फिल्म 'तुमको मेरी कसम' का ट्रेलर हाल ही में जारी हो चुका है। आईवीएफ (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) पर चर्चा करती फिल्म में अनुपम खेर के साथ ईशा देओल और अदा शर्मा, इश्वाक अहम भूमिका में हैं। विक्रम भट्ट के निर्देशन में बनी 'तुमको मेरी कसम' इंदिरा आईवीएफ चेन के संस्थापक डॉ. अजय मुर्डिया के जीवन से प्रेरित है, जो मनोरंजन के साथ एक गंभीर विषय पर रोशनी डालती है। 'तुमको मेरी कसम' के अलावा अनुपम खेर के पास प्रभास के साथ भी एक फिल्म है, जिसके टाइटल की घोषणा अभी निर्माताओं ने नहीं की है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

## गुलावठी में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंगदल की बैठक संपन्न, हनुमान चालीसा केंद्र स्थापित करने पर हुई चर्चा




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। गुलावठी नगर में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंगदल की बैठक संपन्न हुई। यह बैठक नगराध्यक्ष अंकित सैनी के प्रतिष्ठान पर आयोजित की गई, जिसमें प्रांत संगठन महामंत्री प्रमोद कुमार ने मार्गदर्शन दिया। बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें गुलावठी क्षेत्र और आसपास के गांवों में हनुमान चालीसा केंद्र स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया। इस अवसर पर प्रांत महामंत्री नीरज सैनी, नगराध्यक्ष अंकित सैनी, नगर उपाध्यक्ष सनी बजरंगी, नगर मंत्री अमन, आकाश, दानेश्वर, शिवा सैनी, गौतम, केशव, भूपेंद्र सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में संगठन की आगामी योजनाओं को लेकर रणनीति तैयार की गई और हिंदू समाज के उत्थान हेतु विभिन्न कार्यक्रमों पर चर्चा की गई।

## बुलंदशहर में शादी समारोह के दौरान कॉफी मशीन फटने से दो युवक घायल, एक की हालत गंभीर





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर के औरंगाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नंगलाकरन में शादी समारोह के दौरान बड़ा हादसा हो गया। अंबेडकर पार्क के पास टेंट में रखी कॉफी मशीन अधिक प्रेशर के कारण अचानक फट गई, जिससे दो युवक घायल हो गए। घायलों की पहचान टेंट मालिक अमरपाल सिंह के भतीजे हरीश (20) और बेटे रोहित (16) के रूप में हुई है। हादसे में हरीश गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यह हादसा बारात के आने के बाद हुआ होता, तो बड़ा नुकसान हो सकता था। फिलहाल, घायलों का इलाज जारी है, और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

## उच्च न्यायालय इलाहाबाद का बड़ा फैसला, पब्लिक इंटर कॉलेज जहांगीरपुर में दो माह में होगा प्रबंध संचालक का चुनाव

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

जहांगीरपुर। जहांगीरपुर के पब्लिक इंटर कॉलेज में प्रबंध संचालक की नियुक्ति को लेकर उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने अहम आदेश दिया है। पूर्व प्रबंधक शिवकुमार मंगला द्वारा प्रबंधन समिति के चुनाव को चुनौती देते हुए याचिका संख्या 3402/2025 दाखिल की गई थी। सुनवाई के दौरान, 4 मार्च 2025 को माननीय उच्च न्यायालय ने पूर्व में हुई चुनाव प्रक्रिया को अमान्य करार देते हुए संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रथम मंडल मेरठ को दो सप्ताह के भीतर प्रशासनिक अधिकारी नियुक्त करने और विद्यालय की प्रशासन योजना के अनुसार दो माह में चुनाव संपन्न कराने का निर्देश दिया। इस फैसले के बाद प्रत्याशियों के एक पक्ष में निराशा जबकि दूसरे पक्ष में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है।

## रमजान रहमत और बरकत का महीना, ज्यादा से ज्यादा करें इबादत और खैरात- शादाब सैफी



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। रमजान का मुबारक महीना अल्लाह की रहमत और बरकत से भरपूर होता है, जिसमें बंदों को ज्यादा से ज्यादा इबादत और नेकी करने का मौका मिलता है। निष्पक्ष भास्कर न्यूज़ के संवाददाता मौ. शादाब सैफी ने रमजान की फजीलत पर चर्चा करते हुए बताया कि यह महीना इंसानों के लिए रहमत और मगफिरत का जरिया है। उन्होंने कहा कि रमजान को सब्र और संयम का महीना भी कहा जाता है, जहां यह रूहानी बीमारियों से निजात दिलाने का जरिया बनता है। इस महीने को तीन हिस्सों में बांटा गया है—पहला रहमत, दूसरा मगफिरत और तीसरा जहन्नम की आग से निजात। शादाब सैफी ने बताया कि यह महीना अल्लाह की इबादत, गरीबों की मदद और आत्मसंयम का है। उन्होंने सभी से ज्यादा से ज्यादा खैरात करने और जरूरतमंदों की मदद करने की अपील की, ताकि इस मुबारक महीने की बरकतों से सभी लाभान्वित हो सकें।

## कलेक्शन एजेंटों ने कंपनी को लगाया 5.67 लाख का चूना



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। नगर में लोन एजेंटों द्वारा 5.67 लाख रुपये की हेराफेरी का मामला सामने आया है। लोन मेंबरों से साप्ताहिक कलेक्शन करने के बाद रकम कंपनी में जमा न करने का आरोप लगाते हुए कंपनी मैनेजर ने फील्ड स्टाफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। भारत फाइनेंशियल इन्क्लूजन लिमिटेड, गुलावठी शाखा के प्रबंधक सतेंद्र सिंह के अनुसार, धीरेंद्र कुमार (खानपुर), भूपेंद्र सिंह (औरंगापुर) और दीपक (खैर) फील्ड स्टाफ के रूप में कार्यरत थे। इनका काम लोन वितरित करना और साप्ताहिक कलेक्शन करना था। आरोप है कि धीरेंद्र ने ₹4,60,311, भूपेंद्र ने ₹67,700 और दीपक ने ₹39,474 अपने पास रख लिए और कंपनी में जमा नहीं किए। कंपनी की शिकायत पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 408, 504 और 506 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की सच्चाई पुलिस जांच के बाद स्पष्ट होगी।

# बुलंदशहर में मिलावटी घी फैक्ट्री पर छापा, 60 लाख का नकली घी बरामद








उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर के ग्राम सराय छबीला स्थित पार्श्वनाथ इंडस्ट्री फैक्ट्री पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की। नकली घी बनाने की सूचना पर की गई छापेमारी में करीब 10,000 किलोग्राम अपमिश्रित घी बरामद हुआ, जिसका बाजार मूल्य 50 से 60 लाख रुपये आंका गया है। फैक्ट्री में पार्श्वनाथ ब्रांड के लाखों की संख्या में खाली रेपर मिले, जिन पर फरीदाबाद, हरियाणा का मैन्युफैक्चरिंग पता दर्ज था। इन्हीं रेपर का इस्तेमाल कर 15 किग्रा टिन और 1 किग्रा टेट्रापैक में देसी घी की पैकिंग की जा रही थी। छापेमारी के दौरान फैक्ट्री मालिक साक्षी गोयल ने खुद को दिल्ली में बताया और मौके पर आने में असमर्थता जताई। फैक्ट्री में मौजूद केयरटेकर सुंदर सिंह से पूछताछ के बाद पुलिस बल की मौजूदगी में फैक्ट्री को खुलवाया गया। टीम को मौके से 40 बोतलें (500 एमएल) और 3 प्लास्टिक कैन (4 लीटर) में कुल 32 लीटर देसी घी आर्टिफिशियल फ्लेवर भी बरामद हुआ, जिससे नकली घी तैयार किया जा रहा था। टीम ने घी और फ्लेवर के कुल 5 नमूने संग्रहित किए और जीएसटी विभाग के सहयोग से सप्लाई चेन की जांच शुरू कर दी गई है। साथ ही, गिरधारी नगर स्थित राजा डेयरी का निरीक्षण किया गया, जहां दूध में मिलावट की आशंका के चलते एक नमूना लिया गया। हसनपुर के कलेक्शन सेंटर से भी दूध का एक नमूना लिया गया। इसके अलावा, शिकारपुर में पवन शर्मा की दुकान से गुलाब जामुन, रणबीर सिंह की दुकान से बेसन का लड्डू और पहासू में रहीश की दुकान से बर्फी का नमूना लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत जांच रिपोर्ट आने के बाद संबंधित प्रतिष्ठानों पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। होली के मद्देनजर सभी टीमों को निरंतर जांच करने और कमियां पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इस कार्रवाई में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार सिंह के साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज वर्मा, कमलेश कुमार, अमित कुमार गौतम, सनजीत कुमार, महेश कुमार, मुनेन्द्र सिंह राना, राम मिलन राना, अनिल कुमार कौशल, सुनील कुमार सिंह और सेनेट्री सुपरवाइजर बिहारी लाल शुक्ला मौजूद रहे।

## हत्या के मुकदमे में 5 साल बाद जोगेंद्र उर्फ जुगनू बाइज्जत बरी, अधिवक्ता की प्रभावी पैरवी से मिला न्याय

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर के अपर सत्र न्यायाधीश, न्याय कक्ष संख्या-5, मोहम्मद नसीम की अदालत ने 2019 में थाना सिकंदराबाद में दर्ज हत्या के मामले में अहम फैसला सुनाया। न्यायमित्र अधिवक्ता प्यारेलाल की प्रभावी पैरवी के चलते आरोपी जोगेंद्र उर्फ जुगनू को दोषमुक्त कर बाइज्जत बरी कर दिया गया। मामला 16 सितंबर 2019 का है, जब सिकंदराबाद थाने में धीरज धीमर और जोगेंद्र उर्फ जुगनू के खिलाफ धारा 302/34, 404, 411 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मृतक दीपक के पिता चंद्रपाल सिंह ने आरोप लगाया था कि उनके बेटे की हत्या धीरज धीमर ने की थी, जिसका शव सिकंदराबाद के बिलसुरी गांव के पास ओवरब्रिज पर एक ट्रक में मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण दम घुटना या गला घोंटना बताया गया था। पुलिस जांच में जोगेंद्र का नाम सामने आने पर उसे भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया, बाद में जमानत मिल गई। न्यायालय में सुनवाई के दौरान अधिवक्ता प्यारेलाल ने गवाहों से जिरह कर यह साबित कर दिया कि जोगेंद्र उर्फ जुगनू का इस घटना में कोई हाथ नहीं है। वादी पक्ष यह साबित करने में असफल रहा कि हत्या जोगेंद्र और धीरज ने की थी। सबूतों के अभाव में अदालत ने दोनों को दोषमुक्त कर दिया। फैसले के बाद जोगेंद्र और धीरज के परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। उन्होंने अधिवक्ता और न्यायालय का आभार व्यक्त किया।

## मंदबुद्धि युवक से कुकर्म का वीडियो वायरल, आरोपी किशोर फरार, पुलिस कर रही तलाश

उजाला हितैषी एक्सप्रेस




गुलावठी (सैय्यद मजहर)। क्षेत्र के एक निकटवर्ती गांव में मूकबधिर युवक से कुकर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है, लेकिन आरोपी किशोर अभी तक फरार है।

इस घटना ने स्थानीय नागरिकों को आक्रोशित कर दिया है, और उन्होंने घटना के जल्द खुलासे की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में मंदबुद्धि युवक से एक किशोर कुकर्म करता हुआ दिखाई दे रहा है। यह घटना निकटवर्ती ग्राम मिट्टेपुर में हुई बताई जा रही है। स्थानीय लोग इस कृत्य की कड़ी निंदा कर रहे हैं और पुलिस से सख्त कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वायरल वीडियो की सत्यता की जांच की जा रही है।

वे आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर मामले का खुलासा करेंगे और दोषी युवक के खिलाफ कड़ी धाराओं में केस दर्ज किया जाएगा।

## जय गुरुदेव सत्संग में गूंजे आध्यात्मिक संदेश, जीव जागरण धर्म यात्रा के तहत हुआ आयोजन





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

पहासू (अंकित पंडित)। बाबा उमाकांत जी महाराज उज्जैन के आदेशानुसार जीव जागरण धर्म यात्रा के अंतर्गत शहर-शहर, गांव-गांव सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम तुर्कीपुराबास में बृज बिहारी शर्मा जी के आवास पर एक भव्य सत्संग संपन्न हुआ, जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालु, माता-बहनें और भक्तगण शामिल हुए। सत्संग में बाबा जी के शिष्यों ने हाथ जोड़ विनय हमारी, तजो नशा बनो शाकाहारी, छोड़ो व्यभिचार बनो ब्रह्मचारी, सतयुग लाने की करो तैयारी का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि शाकाहारी जीवन अपनाकर और अधर्म त्यागकर ही मानवता को बचाया जा सकता है। साथ ही, आने वाले समय में कोरोना जैसी अन्य बीमारियों से बचाव के लिए सत्संग, भजन-कीर्तन और संत सेवा का महत्व समझाया गया। इस आयोजन में कौशल राघव, प्रेमपाल सिंह, गजेंद्र पाल शर्मा, निरंजन, जयप्रकाश, मुकेश, सुरेश, अशोक, विशंभर, अटलानंद जी महाराज, चंद्रसेन शर्मा, राजेंद्र भगत जी, धीरज शर्मा सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## बुलंदशहर में दर्दनाक सड़क हादसा, इको कार की टक्कर से बाइक सवार तीन लोगों की मौत







उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर के ककोड़ थाना क्षेत्र में ककोड़-झाझर मार्ग पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें इको कार और बाइक की टक्कर से तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई।

हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान दस्तूरा निवासी 25 वर्षीय रिंकू, 23 वर्षीय सचिन और सीकरी निवासी 19 वर्षीय डब्बू के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि तीनों युवक शादी समारोह में हलवाई का काम करके अपने घर लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार इको कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद इको चालक कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

वहीं, आरोपी चालक की तलाश की जा रही है। इस हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

## बुलंदशहर में दिशा समिति की बैठक संपन्न, सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिया गया जोर





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। जिला पंचायत सभागार में लोकसभा सांसद डॉ. भोला सिंह की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पिछली बैठक के निर्देशों की समीक्षा की गई और जिले में संचालित केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया। सांसद ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

बैठक में विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, जल जीवन मिशन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्याह्न भोजन योजना आदि की विस्तृत समीक्षा की गई। सांसद ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन कराने और आवास पूर्ण होने पर नाम का पत्थर लगाने के निर्देश दिए। साथ ही, पेंशन योजनाओं के लिए विशेष कैंप लगाने और संबंधित जनप्रतिनिधियों को इसकी सूचना देने की बात कही गई। सांसद ने विद्युत विभाग को जर्जर तारों को बदलने, ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि और निर्धारित समय पर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। खाद्य विभाग को राशन वितरण प्रणाली की निगरानी बढ़ाने को कहा गया, वहीं स्वास्थ्य विभाग को आयुष्मान योजना के तहत गोल्डन कार्ड बनवाने की प्रक्रिया तेज करने को कहा गया। सिंचाई विभाग को नहरों और नालों की सफाई के बाद सिल्ट हटाने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी श्रुति ने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझावों और निर्देशों का समयबद्ध अनुपालन कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मामलों का निस्तारण अगली बैठक का इंतजार किए बिना 15 दिनों के भीतर सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अंतुल तेवतिया, मुख्य विकास अधिकारी कुलदीप मीना, विधायक लक्ष्मी राज सिंह, विधायक देवेंद्र सिंह लोधी, विधायक अनिल शर्मा, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष दीप्ति मित्तल, ब्लॉक प्रमुख, समिति के नामित सदस्यगण और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## नूडल फैक्ट्री के गोदाम से मोटर व ट्रांसफार्मर चोरी, पुलिस जांच में जुटी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। क्षेत्र के निकटतम ग्राम मिट्ठेपुर चौकी से सटी नूडल फैक्ट्री के गोदाम में चोरी की घटना सामने आई है। चोरों ने गोदाम में रखी मोटर, बिजली के ट्रांसफार्मर और अन्य कीमती तांबे के सामान पर हाथ साफ कर दिया। इस संबंध में कोठी बाग निवासी नाहिद ने पुलिस को सूचना दी और अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और चोरों की तलाश की जा रही है। स्थानीय लोगों में चोरी की इस वारदात को लेकर चिंता बनी हुई है, वहीं पुलिस जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़ने का प्रयास कर रही है।

## शिव महाकालेश्वर मंदिर यमुनापुरम में सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन आज

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। शिव महाकालेश्वर मंदिर, यमुनापुरम में आज 08 मार्च 2025, शनिवार को सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह पाठ रामचरितमानस के पंचम सोपान के रूप में संपन्न होगा। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं को सपरिवार इस धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 03:00 बजे होगा, जिसमें भक्तजन सुंदरकांड पाठ का पुण्य लाभ उठा सकेंगे। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

## बाबूजी कल्याण सिंह चौक पर प्रतिमा अनावरण की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

शिकारपुर (अंकित पंडित)। पूर्व राज्य मंत्री एवं वर्तमान विधायक अनिल शर्मा के प्रस्ताव पर विधानसभा क्षेत्र शिकारपुर अंतर्गत छतारी दोराहे पर पर्यटन विभाग द्वारा निर्मित भारत रत्न, पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय बाबूजी कल्याण सिंह चौक पर स्थापित प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम को लेकर आज एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में विधायक अनिल शर्मा, विधायक सीपी सिंह, विधायक वीरेन्द्र सिंह लोधी, विधायक देवेन्द्र राजपूत, अखिल भारतीय लोधी कल्याण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष साहब सिंह वर्मा, ब्लॉक प्रमुख आनंद लोधी एवं अनार सिंह, शिवकुमार प्रधान, सतीश, आकाश गर्ग, दुर्वेश अग्रवाल, प्रदीप चौहान, मुकेश बघेल, राजू बालाजी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक में 16 मार्च 2025 को प्रस्तावित प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम की तैयारियों और व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

उपस्थित जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए अपने सुझाव दिए।

# हरित जीवन न्यास द्वारा हापुड़ के प्राथमिक विद्यालयों में 500 बच्चों को पेंसिल किट वितरित की गई

**शिक्षा से कोई बच्चा ना रहे वंचित - वरुण अग्रवाल ( समाजसेवी )**





उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ (पुष्पेन्द्र कुमार) समाज सेवा की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए हरित जीवन न्यास ने आज हापुड़ के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों में पहली से पांचवीं कक्षा तक के 500 छात्रों/ छात्राओं को पेंसिल किट वितरित की। संस्था के अध्यक्ष वरुण अग्रवाल के जन्मदिन के उपलक्ष में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर वरुण अग्रवाल ने कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करना है जिसके लिए न्यास समय-समय पर बच्चों के लिए शिक्षण सामग्री आदि की व्यवस्था करता रहेगा। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक डॉ मुकेश सैनी ने महिला सशक्तिकरण के बारे में छात्राओं को बताते हुए कहा कि उन्हें अपने जीवन में अधिकार के साथ-साथ कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए तथा आज ही अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए व अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। इस वितरण कार्यक्रम के तहत हामिद प्राथमिक विद्यालय, डॉ. अंबेडकर प्राथमिक विद्यालय, भीमनगर प्राथमिक विद्यालय, मंसूरपुर प्राथमिक विद्यालय, पीएम श्री इंदिरा कन्या कॉम्पोजिट विद्यालय, गणेश प्राथमिक विद्यालय, अशोक प्राथमिक विद्यालय, सुभाष प्राथमिक विद्यालय तथा किदवई प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को शैक्षिक सामग्री प्रदान की गई। इससे पहले भी न्यास ने बच्चों को शीतकालीन टोपी और NSS छात्राओं को ज्योमेट्री किट वितरित की थी। भविष्य में भी न्यास द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे ले जाने के लिए न्यास हमेशा प्रयासरत रहेगा।

# हाफिजपुर पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश कर 05 आरोपियों को पकड़ा, 05 चोरी की बाइक बरामद





उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ । ( पुष्पेंद्र कुमार) जनपद में अपराध रोकथाम और वाहन चोरी की घटनाओं पर नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हाफिजपुर पुलिस ने अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया, जबकि दो बाल अपचारियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एनसीआर क्षेत्र के विभिन्न जनपदों से चोरी की गई पांच मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। गिरफ्तार अभियुक्त एनसीआर और अन्य जिलों से वाहन चोरी कर उनकी नंबर प्लेट बदलकर बेचते थे और इस तरह आर्थिक लाभ कमाते थे। इनके आपराधिक इतिहास की जानकारी अन्य जनपदों और राज्यों से जुटाई जा रही है। पुलिस ने इन अपराधियों को हापुड़-बुलंदशहर हाईवे के पास बंद पड़े भट्टे की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों में अंकित पुत्र देवेंद्र सिंह, पदम पुत्र दुर्गा प्रसाद और सचिन पुत्र पप्पू सिंह, तीनों निवासी ग्राम खेड़ा, थाना पिलखुवा, जनपद हापुड़ शामिल हैं। इनके साथ दो बाल अपचारियों को भी पुलिस ने अपनी अभिरक्षा में लिया है। बरामद वाहनों में एक हीरो स्प्लेंडर शामिल है, जिसकी वास्तविक रजिस्ट्रेशन नंबर DL5SBS7127 पाई गई, जबकि इस पर UP37W4381 की नंबर प्लेट लगी हुई थी। इस वाहन से संबंधित एफआईआर नंबर 025608 थाना ई-पुलिस स्टेशन एमबीथेप्ट, दिल्ली में दर्ज है। इसके अलावा, पुलिस ने एक हीरो स्प्लेंडर प्रो, एक प्लेटिना, एक डिस्कवर और एक पैशन प्रो मोटरसाइकिल बरामद की है, जिनमें से कुछ पर नंबर प्लेट नहीं थी।

पुलिस द्वारा बरामद वाहनों को जब्त कर लिया गया है और आगे की विधिक कार्यवाही जारी है। हापुड़ पुलिस इस गिरोह के अन्य संभावित सदस्यों और चोरी किए गए अन्य वाहनों की जानकारी जुटाने के लिए गहन जांच कर रही है।

पुलिस का यह अभियान अपराध पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के लिए आगे भी जारी रहेगा, जिससे क्षेत्र में वाहन चोरी और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके।

# एक और संस्था ने बढ़ाया हाथ अग्रवाल महासभा ( रजि० ) हापुड़ की महिला विंग ने 30 क्षय रोगी लिए गोद



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ (पुष्पेन्द्र कुमार) मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुनील कुमार त्यागी के कुशल निर्देशन में एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश सिंह के नेतृत्व में जनपद के 30 क्षय रोगियों को जिला महिला चिकित्सालय कोठी गेट हापुड़ के सभागार में पोषण पोटली देकर गोद लिया गया जनपद में अनेक स्वयं सेवी संस्थाओं एवं औद्योगिक घरानों ने अब तक अनेकों क्षय रोगियों को गोद लिया है इसी क्रम में जनपद हापुड़ के अग्रवाल महासभा रजिस्टर्ड हापुड़ एवं अग्रवाल महासभा महिला मंच द्वारा 30 क्षय रोगियों को पोषण पोटली का वितरण किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अग्रवाल महासभा महिला मंच की अध्यक्ष अर्चना कंसल एवं मंच की सेक्रेटरी स्वाति गोयल जी व वित्तनियंत्रक मंजू गोयल जी रही इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील कुमार त्यागी ने जनपद के अन्य औद्योगिक घरानों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं से इस कार्य में बढ़-चढ़कर सहयोग करने का आवाहन किया इस अवसर पर अग्रवाल महासभा रजिस्टर्ड हापुड़ की महिला मंच की डॉक्टर शीरान अग्रवाल, निधि आर्य, अनीता गुप्ता, रश्मि अग्रवाल, अदिति अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, भारती गुप्ता, आंचल सिंगल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार मैक्स गाड़ी ने तिपहिया ई-वाहन को मारी टक्कर, एक गंभीर घायल

उजाला हितैषी एक्सप्रेस




डिबाई (हितेश शर्मा)। थाना क्षेत्र के कादरी बाग में एक सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, राजघाट निवासी रमेशचंद्र गुप्ता अपने मित्र विनोद कुमार शर्मा के साथ डिबाई आ रहे थे। कादरी बाग बाईपास कट के पास तेज रफ्तार और अनियंत्रित तरीके से आ रही मैक्स गाड़ी (नंबर RJ40GA5214) ने पीछे से उनके तिपहिया ई-वाहन (टेंपो) को टक्कर मार दी, जिससे वह पलट गया। इस हादसे में रमेशचंद्र गुप्ता को गंभीर चोटें आईं और उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। उनका इलाज अस्पताल में जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर लिया गया। पीड़ित के बेटे विनोद कुमार द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 281 और 125(b) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओ द्वारा मासिक बैठक का आयोजन किया गया






उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ (पुष्पेन्द्र) समाजवादी पार्टी कार्यालय जनपद हापुड़ पर मासिक मीटिंग का आयोजन किया गया मासिक मीटिंग की अध्यक्ष जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी आनंद गुर्जर द्वारा की गई व संचालन जिला उपाध्यक्ष अख्तर मालिक जी द्वारा किया गया संचालन में सभी पदाधिकारीगण ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया और माननीय जिला अध्यक्ष जी ने कहा टैक्स नगर पालिका द्वारा बढ़ाया गया है यह आम जनता के लिए सही नहीं है इसका समाजवादी पार्टी विरोध करती है और आम जनता की आवाज को जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल महोदय को ज्ञापन देंगे पी डी ए जन पंचायत का जो अभियान चल रहा है यह निरंतर जारी रहेगा और जनपद के प्रत्येक गांव प्रत्येक सेक्टर तक सुचारू रूप से चलाया जाएगा

सभी पदाधिकारीगण को इसमें बढ़-चड कर भाग लेना चाहिए आज जिला संगठन का विस्तार करते हुए चार जिला सचिव नामित किए गए यशोदा यादव जिला सचिव, राकेश कुमार जिला सचिव, धीरज यादव जिला सचिव, मोहम्मद हम्माद जिला सचिव, चारों पदाधिकारीगण को पार्टी कार्यालय पर मनोनयन पत्र दिया गया इस अवसर पर समाजवादी साथी भारी संख्या में उपस्थिति रहे माननीय पूर्व मंत्री भूषण त्यागी राष्ट्रीय सचिव समाजवादी पार्टी, इकबाल कुरैशी प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी, संजय गर्ग प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, संजय सिंह यादव जिला उपाध्यक्ष जिला प्रवक्ता, आस मोहम्मद जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, यशी यादव जिला सचिव, उमर दराज भाटी, रेशमा यादव, आदेश गोस्वामी, धीरज यादव, मोहम्मद हम्माद, राकेश कुमार, फुरकान, अफसर, संजय गहलोत जिला अध्यक्ष युवजन सभा, पदम सिंह, चांद खान, रोहित जाटव, सोहेल कुरेशी, मोहम्मद मोहसिन सलमानी, अख्तर मालिक, मोहम्मद अयूब सिद्दीकी, अनिल आजाद, मनजीत चौधरी, आदि भारी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूह की सहायता हेतु संयुक्त हापुड़ उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष एवं सदस्यों के साथ की गई वार्ता



**स्वयं सहायता समूह की दीदीयों द्वारा व्यापार मंडल के सदस्यों को पूर्णत: ऑर्गेनिक हर्बल गुलाल के बारे में दी गई जानकारी**

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़(पुष्पेन्द्र कुमार) मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम एवं संयुक्त हापुड़ उद्योग व्यापार मंडल के मध्य एक बैठक का आयोजन चेंबर ऑफ कॉमर्स चंडी रोड हापुड़ में किया गया जिसमें मुख्य विकास अधिकारी ने व्यापार मंडल के सदस्यों को अवगत करते हुए कहा कि सरकार द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गरीब महिलाओं को रोजगार देते हुए स्वयं सहायता समूह का गठन किया गया है जिसमें उन्हें अनेकों प्रकार की हस्तकलाओं का प्रशिक्षण दिया गया है जिससे वह अपना रोजगार स्थापित कर सकें। आगामी होली के पर्व को देखते हुए स्वयं सहायता समूह की दीदीयों द्वारा ऑर्गेनिक हर्बल गुलाल बनाया गया है जो पालक, गेंदा और चकुंदर आदि से निर्मित है। स्वयं सहायता समूह की दीदीयों द्वारा व्यापार मंडल के सदस्यों से ऑर्गेनिक हर्बल गुलाल को क्रय करने एवं स्टॉल लगाने का आग्रह किया गया मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद वासियो को सूचित करते हुए कहा कि ऑर्गेनिक हर्बल गुलाल से ही होली का पर्व मनाये जो उनके ही क्षेत्र में स्टोलों पर स्वयं सहायता समूह की दीदीयों द्वारा उचित दरों पर विक्रय किया जाएगा

# बुलंदशहर में डकैती की योजना बनाते हुए पांच शातिर अपराधी गिरफ्तार



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना चोला पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान ग्राम फतेहपुर जादौन के बाहर आम के बाग से डकैती की योजना बनाते हुए पांच शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से एक पिकअप गाड़ी, अवैध असलहे, कारतूस, चाकू, कटर और सरिया बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सुशील कुमार, देवव्रत, अंकुर (सभी निवासी अमरोहा), अनुज (फिरोजाबाद) और देवेंद्र (अमरोहा) के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके खिलाफ थाना चोला में मामला दर्ज कर लिया है और उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अपराधियों में से कुछ के खिलाफ पहले से ही विभिन्न थानों में मामले दर्ज हैं। पुलिस ने उनके आपराधिक इतिहास की भी पुष्टि की है। इस अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी विजय कुमार, उपनिरीक्षक प्रशांत कुमार, उपनिरीक्षक यू.टी. हरेन्द्र परमार, हेड कांस्टेबल जहूर अली, चन्द्रवीर, जितेंद्र कुमार, कांस्टेबल आकाश कुमार, विष्णु शर्मा, अरविंद कुमार, सचिन कुमार और यामीन खान शामिल रहे। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और अन्य संभावित आरोपियों की तलाश जारी है।

# भाकियू टिकैत के पश्चिमी यूपी के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष एकलव्य सिंह सहारा का किया अभिनंदन





उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। (पुष्पेन्द्र कुमार) शास्त्री नगर मेट्रोस्टेशन दया बस्ती न्यू दिल्ली में पुलिस मित्र फाउंडेशन ट्रस्ट एवं सहभागी राष्ट्रीय एंटी क्राइम एवं करप्शन ग्रुप द्वारा आयोजित महिला दिवस एवं होली पर्व के दौरान भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष एकलव्य सिंह सहारा का अभिनंदन किया गया। एकलव्य ने कहा कि इस पावन अवसर पर आप सभी ने मुझे उत्तर प्रदेश से चुना,जिसके लिए मैं आप सभी का आभारी हूं। इस कार्यक्रम के दौरान सुमित राजपूत, हरप्रीत निर्वाण, देवांश तेजा, अखिल चौधरी, सुमित पंघाल, सचिन सिवाल, विपिन मुंडेर आदि उपस्थित रहे।

# गाय के चिल्लाने पर हुई थाना बहादुरगढ़ पुलिस की गौ तस्करों से मुठभेड़ में 2 बदमाश गिरफ्तार



जितेंद्र कुमार शर्मा,सीओ,हापुड़

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ (पुष्पेन्द्र कुमार) जनपद के थाना बहादुरगढ़ पुलिस की देर रात्रि में गस्त के दौरान गोकशी कर रहे बदमाशों से हुई मुठभेड़ में पुलिस द्वारा जवाबी कार्यवाही में 2 बदमाशों को घायलावस्था में गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से 2 अवैध तमंचे मय जिंदा व खोखा कारतूस, एक बाइक, एक प्रतिबंधित पशु व गौकशी करने के उपकरण बरामद हुए हैं जहां क्षेत्राधिकार हापुड़ नगर जितेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि थाना बहादुरगढ़ क्षेत्रांतर्गत बहादुरगढ़ पुलिस द्वारा गस्त के दौरान खेतों में से गाय के चिल्लाने की आवाज सुनकर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह गठित पुलिस टीम के द्वारा गोकशी कर रहे बदमाशों से हुई मुठभेड़ में पुलिस द्वारा जवाबी कार्यवाही 2 बदमाशों को घायलावस्था में गिरफ्तार किया है जहां प्रारम्भिक पूछताछ में घायल व गिरफ्तार बदमाश सलमान वनौशाद पुत्रगण बूंदी निवासीगण ग्राम वैट थाना सिम्भावली जनपद हापुड़ बताया है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण के आपराधिक इतिहास की जानकारी अन्य जनपदोंथानों से की जा रही है घायल बदमाशों को उपचार हेतु अस्पताल भिजवा दिया गया है

एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# डिबाई पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर 64 शस्त्र नष्ट किए

उजाला हितैषी एक्सप्रेस





बुलंदशहर। माननीय न्यायालय के आदेश के अनुपालन में थाना डिबाई पुलिस द्वारा शस्त्र अधिनियम से संबंधित पुराने निस्तारित मुकदमों के तहत 64 शस्त्रों को नष्ट किया गया। इस प्रक्रिया के दौरान उपजिलाधिकारी कमलेश कुमार गोयल, क्षेत्राधिकारी डिबाई शोभित कुमार, प्रभारी निरीक्षक डिबाई रवि रतन सिंह सहित संबंधित अधिकारी, कर्मचारी एवं क्षेत्र के सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। पुलिस ने यह कार्रवाई कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और अवैध शस्त्रों के दुरुपयोग को रोकने के उद्देश्य से की।

# बड़े ही धूमधाम से मनाया गया उच्च प्राथमिक विद्यालय अकड़ोली में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिक उत्सव

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो




हापुड़ (पुष्पेन्द्र कुमार) उच्च प्राथमिक विद्यालय अकड़ोली में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिक उत्सव कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं के द्वारा दौड़ के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। आयुष सारिका अंशिका ,तनुज ,युवराज, नहर, प्रिया ,शक्ति आदि छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र, मेडल व शील्ड देकर सम्मानित किया गया ।विद्यालय में कक्षा में 90% से अधिक उपस्थिति वाले छात्राओं को व उनकी माताओ को भी सम्मानित किया गया। गांव की बुजुर्ग महिला ओमवती को नारी सशक्तिकरण दिवस पर माला पहनाकर विद्यालय की शिक्षिकाओं माधुरी वर्मा एवं आरजू सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। जिनके चेहरे पर खुशी का ठिकाना ना रहा कार्यक्रम संचालन करते हुए प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार द्वारा सभी उपस्थित अभिभावकों विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष, सदस्य, को शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिक उत्सव के विषय में विस्तार से बताया गया ।एवं सभी से बच्चों को विद्यालय आने हेतु प्रेरित किया गया

एसएमसी के अध्यक्ष मुकेश द्वारा सभी अभिभावकों बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आने हेतु आग्रह किया और इस कार्य को मिलजुल कर सभी सदस्यों से आह्वान किया। प्रत्येक कार्य में अपना पूर्ण सहयोग देने के लिए सहमति प्रदान की कार्यक्रम में बच्चों एवं उनकी माताओ को सम्मानित किया गया।

गीता देवी सुनीता देवी, बबली देवी, अनीता देवी, ओमवती एकता गीत आदि अभिभावक शामिल रहे कार्यक्रम में माधुरी वर्मा, आरजू सिंह, सोनम देवी, मुकेश,मुन्नालाल एवं अन्य उपस्थित रहे।

# जहांगीरपुर पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के 99,001 रुपये पीड़ित के खाते में वापस कराए



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। थाना जहांगीरपुर पुलिस ने साइबर ठगी के शिकार हुए व्यक्ति को बड़ी राहत दी है। पुलिस के अथक प्रयासों से ऑनलाइन ठगे गए 99,001 रुपये पीड़ित के बैंक खाते में वापस कराए गए। ग्राम जवां निवासी मनीष कुमार ने 8 फरवरी 2025 को एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें अज्ञात व्यक्ति द्वारा क्रेडिट कार्ड के माध्यम से उनके खाते से 1,03,000 रुपये निकाल लिए जाने का आरोप था। थाना जहांगीरपुर साइबर हेल्प डेस्क ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की और 99,001 रुपये की राशि पीड़ित के खाते में वापस करा दी। मनीष कुमार ने थाना जहांगीरपुर पुलिस की सराहनीय कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे अपने बैंक खाते की जानकारी, पिन, ओटीपी या सीवीवी किसी अनजान व्यक्ति से साझा न करें। किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करने की सलाह दी गई है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर डॉ. कीर्तिका अग्रवाल के नेतृत्व में अंगदान जागरूकता अभियान आयोजित।



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय)।। 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। इसके उपलक्ष्य में भाजपा महिला मोर्चा की ओर से विशेष पहल की जा रही है। यूपी के सभी जनपदों में अंगदान जागरूकता शिविर और महिलाओं के सम्मान के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बीजेपी महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री डॉ. कीर्तिका अग्रवाल को इस अभियान का प्रदेश संयोजक बनाया गया है। इनकी देखरेख में सभी जिलों में 7, 8 और 9 मार्च को कई कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं।इसमें ऐसी महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा, जिन्हें मुद्रा योजना, लखपति दीदी, जनधन योजना, स्वनिधि योजना जैसी योजनाओं का लाभ मिला और वह खुद सक्सेज हुईं। डॉ. कीर्तिका अग्रवाल ने बताया, महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वानति श्रीनिवासन व प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य के दिशा निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। इसी साल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम प्रधानमंत्री की केंद्रीय योजनाओं के माध्यम से महिलाओं का वित्तीय सशक्तिकरण पर केंद्रित है। संगठनात्मक दृष्टिकोण से प्रदेश के 98 जिलों में महिला मोर्चा की पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की टीम इस कार्यक्रम में शामिल हो रही हैं।

## मऊ के विशेष भूमि अर्जन अधिकारी को अवमानना नोटिस- हाईकोर्ट ने कहा-क्यों न आदेश की अवहेलना पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज (संजीत कुमार उपाध्याय)।इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अवमानना के एक मामले में मऊ के अपर जिलाधिकारी/विशेष भूमि अर्जन अधिकारी सत्यप्रिय सिंह को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। कोर्ट ने कहा- क्यों न आदेश की अवहेलना के लिए उनके खिलाफ अवमानना कार्रवाई की जाए।यह आदेश न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय ने पंकज पांडेय की अवमानना याचिका पर दिया है। एडवोकेट का कहना है कि याची की कृषि जमीन राजमार्ग के लिए अधिग्रहीत की गई लेकिन उसे मुआवजे का भुगतान नहीं किया गया।हाईकोर्ट ने विशेष भूमि अर्जन अधिकारी मऊ को इस मामले में दो माह में निर्णय लेने का आदेश दिया था। इस आदेश का पालन नहीं किया गया तो यह अवमानना याचिका दाखिल की गई है।

## मुक़द्दस रमज़ान के छै रोज़े और पहले जुमा पर मस्जिदों के इमामों ने बताए रमज़ान में रखे जाने वाले रोज़े रखने के फायदे





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज (संजीत कुमार उपाध्याय)।इस्लामी कैलेंडर के नवें महीने रमज़ान का साल के बाराह महीनों में वहीं महत्व है जो आसमान में चौदहवीं के चांद का होता है।रमज़ान शब्द का अर्थ है जलाने वाला।यह पाक महीना हमारे गुनाहों को जला देता है। क़ुरआन मजीद में अल्लाह का फरमान है कि ऐ ईमान वालो तुम पर रोज़ा फर्ज़ (प्रतिबद्ध)किया गया है ताकि तुम परहेज़गार बनो रोज़े की हालत में सूर्योदय के पहले से सूर्यास्त तक खाने पीने और अपने नफ्स पर काबू रखना होता है।उक्त बातें माहे रमज़ान के पहले जुमा पर करैली मस्जिद ए खदीजा में मौलाना सैय्यद रज़ी हैदर ने अपने खुतबे में कहीं।कहा रोज़ा केवल भूख प्यास पे काबू रखना नहीं होता।इसका मर्म अपनी इंद्रियों को वश में रखकर खुदा की इबादत और ग़रीब ग़ुरबा की भूख प्यास का ऐहसास करना है। मौलाना व इमाम ए जुमा शिया जामा मस्जिद चक ज़ीरो रोड ने बाद नमाज़ ए जुमा अपने खुतबे में नमाज़ीयों को सम्बोधित करते हुए कहा कि रमज़ान को अल्लाह ने अपना महीना कहा है।रोज़ादार अल्लाह का मेहमान होता है।इस महिने में अल्लाह रब्बुल इज़्ज़त अपने नेक अमल बन्दों के लिए जन्नत का दरवाज़ा खोल देता है तो जहन्नुम का दरवाज़ा बन्द कर दिया जाता है।एक नेकी के बदले सत्तर गुना सवाब मिलता है।मौलाना जव्वादुल हैदर जव्वादी ने बताया कि इस पाक महिने में चारों आसमानी किताबें ज़ुबूर ,तौरैत ,इंजील और क़ुरआन अपने बन्दों की खातिर इसी माहे रमज़ान में नाज़िल हुईं।उम्मुल बनीन सोसायटी के महासचिव सैय्यद मोहम्मद अस्करी के अनुसार माहे रमज़ान में अल्लाह अपने बन्दों के हलाल रिज़्क़ में इतनी बरकत अता करता है कि वह जो चीज़ें पूरे साल नहीं खा सकता वह सब माहे रमज़ान के रोज़े में उसे खाने को बा आसानी नसीब हो जाती हैं।
कोविड के बाद से रमज़ान की इफ्तारी में हुआ बदलाव समाजसेवी सैय्यद मोहम्मद अस्करी ने बताया कि कोविड में लोग बोहोत सावधानियां बरत्ते थें।वहीं मसाले दार चीज़ों व साफ सफ़ाई व पैकिंग किए सामानों का ही इस्तेमाल किया जाता था।यही वजहा है कि अब लोग उसके आदी हो गए हैं।घरों में तो रोज़ादारों के लिए महिलाएं इफ्तार तय्यार कर लेति हैं वहीं मस्जिदों में रोज़ादारों के लिए रेडीमेड ने मार्केट बना ली है। ब्लेसिंग नाम से मुहर्रम में तबर्रुक त्यार करने वाले कैटरर्स मिर्ज़ा अज़ादार हुसैन ,दरीयाबाद के शबी हैदर ,रानी मण्डी के पप्पू भाई , लखनऊ का कुड्डुक चिकेन सहित लगभग दो दर्जन ऐसे कैटरर्स हैं जो नांद किया ,बोटी कबाब रुमाली रोटी क़ुलचा ,मटन व चिकन बिरयानी ,चिकन व मटन कोरमा के साथ तन्दूरी रोटी का पैकिंग के साथ आर्डर पर मस्जिदों में रोज़ादारों को पहुंचा रहे हैं।

## माफिया अतीक अहमद की संपत्ति बताकर प्रयागराज में 5 मकानों पर चला बुलडोजर, कोर्ट का दोबारा बनवाने का आदेश




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय)।। यूपी में बुलडोजर एक्शन पर एक बार फरि सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है. इतना ही नहीं प्रयागराज में माफिया अतीक अहमद की संपत्ति समझकर पांच मकान ढहा दिए गए. सुप्रीम कोर्ट ने इस पर राज्य सरकार को फटकार लगाई. सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि ये मकान राज्य सरकार के खर्चे पर बनवाए जाएं. यह है पूरा मामला दरअसल, प्रयागराज में माफिया अतीक अहमद की संपत्ति पर बुलडोजर एक्शन के दौरान वकील जुल्फिकार हैदर, प्रोफेसर अली अहमद समेत दो महिलाएं और एक अन्य व्यक्ति का मकान बुलडोजर से गिरा दिया गया था. ये पांचों मकान एक ही प्लॉट पर अगल-बगल बनाए गए थे. आरोप है कि 6 मार्च 2021 में नोटिस देने के अगले दिन यानी 7 मार्च को ही इनके मकान गिरा दिए गए. पीड़ितों को नोटिस देने का भी जवाब नहीं दिया गया माफिया की संपत्ति समझकर चलवा दिया बुलडोजर पीड़ितों का कहना है कि प्रदेश सरकार उनकी संपत्ति को माफिया अतीक अहमद की प्रॉपर्टी समझकर बुलडोजर चलवा कर गिरा दिया था. पांच मार्च को इस मामले में सुनवाई हुई. जस्टिस अभय एस ओका, जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई गलत संदेश देते हैं. इसमें सुधार की आवश्यकता है. कोर्ट ने राज्य सरकार की तरफ से पेश हुए अटॉर्नी जनरल से कहा, आप घरों को ध्वस्त करने की इतनी कठोर कार्रवाई कर रहे हैं. इसमें से एक वकील दूसरा प्रोफेसर हैं. कोर्ट ने कहा कि हम जानते हैं
कि इस तरह की टेक्निकल दलीलों से कैसे निपटना है?. राज्य सरकार को अपने खर्च पर मकान बनवाने के निर्देश सुप्रीम कोर्ट ने कहा, जिन घरों को गलती से गिराया गया है, उन्हें राज्य सरकार अपने खर्च से फिर से बनाएगी. अगर आप (अटॉनी जनरल) इसे चुनौती देना चाहते हैं तो एक हलफनामा दाखिल करके कानूनी लड़ाई लड़ सकते हैं. कोर्ट ने कहा कि, अगर सीधे तौर पर लड़ाई नहीं लड़ना चाहते तो एक और तरीका है. पीड़ितों को पहले मकान बनवाए दें.
फिर उन्हें कानून के तहत नोटिस जारी करें. मामले में अगली सुनवाई 21 मार्च को होगी. बता दें कि इससे पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट ने याचिका दाखिल कर दी थी.

## प्रयागराज में कांट्रैक्टर की हत्या, खाली प्लाट में मिला शव- शरीर पर चाकू और किसी भारी चीज से वार के निशान, मोबाइल व बाइक बरामद

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



करेली निवासी कांट्रैक्टर सलाउद्दीन (50) मोहल्ले में मकान बनवाने का काम करता था। शुक्रवार को उसकी

प्रयागराज (संजीत कुमार उपाध्याय)।प्रयागराज के करेली में एक कांट्रैक्टर की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई। कांट्रैक्टर के सिर को किसी वजनी चीज से बुरी तरह कुचला गया है। कांट्रैक्टर गुरुवार दोपहर से ही लापता था।कातिलों ने हत्या के बाद शव को एक नवनिर्मित मकान में फेंकने के बाद बाहर से ताला लगा दिया। शुक्रवार को खून से लथपथ शव मिलने से लोगों में दहशत है। सूचना पर पहुंची पुलिस को मौके से उसका मोबाइल व बाइक को बरामद किया है। चाकू या किसी नुकीली चीज से किया गया है वार हत्या कर दी गई। मोहल्ले वालों के अनुसार लगता है किसी परिचित ने पहले उसे कॉल करके बुलाया है इसके बाद उसकी हत्या कर दी गई। ठेकेदार सलाहुद्दीन की बाइक भी खाली प्लाट के बाहर पुलिस को मिली है। फिलहाल पुलिस हत्यारोपी की तलाश में जुटी है। मामले की जांच में जुटी पुलिस मौके से मिले मोबाइल फोन के जरिए आखिरी कॉल करने वाले के बारे में पता लगा रही है। पुलिस के अनुसार उसके शरीर चाकुओं के कई निशान मिले हैं।
साथ ही सिर को किसी भारी चीज से कुचला गया है। क्योंकि सिर पूरी तरह से कुचला हुआ है।

## प्रयागराज में जिला अधिवक्ता संघ चुनाव की तैयारी तेज- हाईकोर्ट ने 29 मार्च को ही चुनाव कराने को कहा, वकीलों की बैठकें शुरू



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय)।जिला अधिवक्ता संघ चुनाव की तैयारी तेज हो गई है। शुक्रवार को चुनाव को लेकर वकीलों की कई बैठकें हुईं। अधिवक्ता संघ का चुनाव अपनी निर्धारित तिथि 29 मार्च को ही होगा। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने चुनाव तिथि टालने की मांग को लेकर दाखिल अर्जी खारिज़ कर दी। कोर्ट ने एल्डर कमेटी के नए सिरे से गठन की मांग भी नामंजूर कर दी है।मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की खंडपीठ में हुई। हाईकोर्ट ने जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव की तिथि पहले ही तय कर दी थी। चुनाव पर्यवेक्षकों के नाम और अन्य औपचारिकताओं को लेकर भी विस्तृत निर्देश दिए थे
अध्यक्ष और कुछ अन्य उम्मीदवारों की ओर से हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल कर चुनाव तिथि टालने और एल्डर कमेटी बदलने की मांग की गई। कहा गया कि रमज़ान को देखते हुए चुनाव आगे बढ़ाया जाए। एल्डर कमेटी के कुछ सदस्यों के नामों को लेकर भी आपत्ति थी। कोर्ट ने कहा चुनाव प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।
अदालत ने टिप्पणी की कि जब महाकुंभ जैसा आयोजन हो सकता है तो बार का चुनाव कराने में क्या दिक्कत है। वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश पाण्डेय ने कहा कि वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरा हो चुका है ऐसे में अब चुनाव होने चाहिए। कोर्ट ने सभी अर्जियां खारिज़ कर दी।

## मंत्री नंदगोपाल नंदी ने डुबकी लगाने का बनाया रिकार्ड - महाकुंभ में 21 बार किया स्नान, बोले- CM ऑफिस से अतिथियों की लिस्ट आती थी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय)।महाकुंभ का समापन हो गया है। 45 दिन तक चले महाकुंभ में देश और दुनिया से आए करोड़ों लोगों संगम में स्नान किया। वहीं यूपी सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी ने डुबकी रिकॉर्ड बनाया। नंदी ने संगम में 21 डुबकी लगाई।नंदी ने राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यपाल, मंत्रियों और विशिष्ट अतिथियों का महाकुंभ मेला क्षेत्र में स्वागत और आगवानी की। सबसे पहले नंदी ने 13 जनवरी पौष पूर्णिमा को पूर्व महापौर के साथ संगम में स्नान किया।मौनी अमावस्या पर परविार संग किया स्नान 14 और 18 जनवरी को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ, 21 जनवरी को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, कवि डॉ. कुमार विश्वास के साथ स्नान किया। देश दुनिया से आए 54 से अधिक विशिष्ट अतिथियों का किया स्वागत किया। 22 जनवरी को मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पूरे मंत्रिमंडल के साथ संगम स्नान किया। 24 जनवरी को भी केंद्रीय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, 27 को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, 29 जनवरी को मौनी अमावस्या और 3 फरवरी को बसंत पंचमी पर सपरिवार संगम में डुबकी लगाई। भूटान नरेश के साथ भी किया स्नान चार फरवरी को भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ, छह फरवरी को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, सात फरवरी को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, 12 फरवरी को सपरिवार, 13 को भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, 15 को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पियूष गोयल के साथ स्नान किया। 16 फरवरी को केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, 22 को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, 24 को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, 25 को प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी के साथ संगम स्नान किया।प्रयागराज आने पर मंत्रियों का स्वागत अभनिंदन किया नंदी ने 54 विशिष्ट जनों के प्रयागराज आने पर स्वागत अभिनंदन भी किया। इसमें वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, जूना अखाड़ा पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरि, स्वामी मुरारी बापू, राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल, गृह मंत्री अमित शाह, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, जगद्गुरू रामभद्राचार्य, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान सहित बहुत से नाम शामिल हैं।प्रदेश सरकार की तरफ से मिली थी जिम्मेदारी महाकुंभ के दौरान आने वाले वीआईपी और वीवीआईवी गेस्ट के स्वागत से लेकर उनके स्नान आदि की व्यवस्था को देखने की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्री नंदी को सौंपी थी। इसके लिए मंत्री नंदी की तरफ से 50 लोगों की विशेष टीम तैयार कराई गई थी। टीम ने अतिथियों के स्वागत से लेकर उनके स्नान आदि की व्यवस्था की। इसी कारण विधान सभा सत्र के दौरान भी मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी प्रयागराज में ही रहे। अतिथियों के स्वागत करने के साथ ही उनके साथ संगम में स्नान किया।कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने बताया कि पूरे मेला के समय में उनके पास सीएम कार्यालय से लिस्ट आती थी। उसमें अतिथियों के स्वागत से लेकर उनको संगम तक ले जाने और वापस लाने के साथ ही घर भेजने की जिम्मेदारी तक होती थी। इसके साथ ही प्रोटोकाल के अनुसार उनकी सुरक्षा आदि की व्यवस्था भी इनको देखनी पड़ती थी। बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशन और सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वह लगातार कार्य करते रहे हैं।कार्यकर्ताओं संग किया स्नान कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने बताया कि वह 3 मार्च को प्रयागराज के सभी कार्यकर्ताओं के साथ संगम स्नान के लिए गए। वहां पर उनके परिवार के साथ स्नान किया और पूरे प्रदेश व देश के लिए शुभमंगल कामना की। इस दौरान उनके साथ उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्र सरकार में पूर्व केंद्रीय मंत्री रहे रमेश पोखरियाल, निशंक भी मौजूद रहे।

## प्रयागराज सड़क हादसे में अधिवक्ता समेत तीन की मौत, प्रयागराज-मिर्जापुर हाईवे पर हुई दुर्घटना



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय)।करछना थाना क्षेत्र के कचरी गांव के सामने मिर्जापुर-प्रयागराज हाईवे पर कंटेनर ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। दोनों बारात में शामिल होने जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक, खाई गांव से बृहस्पतिवार को रामनगर के लिए बारात निकली थी। शादी में शामिल होने के लिए रात करीब साढ़े आठ बजे गांव के ही भोला कुशवाहा (40) पुत्र रोशन लाल तथा धर्मराज (45) पुत्र स्व. डंगर बाइक से निकले थे।कचरी गांव के सामने हाईवे पर पहुंचे थे कि शहर की ओर से तेज रफ्तार आ रहा कंटेनर ट्रक अनियंत्रित हो गया और बाइक सवारों को रौंदते हुए आगे बढ़ गया। आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे लेकिन मौके पर ही दोनों की मौत हो चुकी थी।घटना की जानकारी होने पर भीरपुर रिपोर्टिंग पुलिस चौकी इंचार्ज अमित कुमार सिंह व मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे। दोनों के शव को देख परिजन बिलख पड़े। चीख-पुकार मच गई। उधर, बारात में शामिल होने गए लोगों को घटना की जानकारी हुई तो वहां से काफी लोग घटनास्थल पर आ गए लोगों में आक्रोश भी था। लेकिन पुलिस मृतकों के घर वालों को समझा- बुझाकर शांत कराया और शवों को पोस्टमार्टम भेज दिया। चौकी प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि कंटेनर ट्रक को मेजा चौकी के पास पकड़ लिया गया है। कंटेनर ट्रक चालक भाग निकला। कार्रवाई की जा रही है। बाइकों की भिड़ंत में अधिवक्ता की मौत, दो घायल धरावल गांव के सामने बृहस्पतिवार शाम को बाइकों की भिड़ंत में मेजा के अधिवक्ता की मौत हो गई। जबकि दो युवक घायल हो गए हैं। पुलिस ने अधिवक्ता और अन्य घायलों को सीएचसी मेजा भेजा। जहां चिकित्सकों ने अधिवक्ता को मृत घोषित कर दिया। घायलों का इलाज चल रहा है। मेजा थाना क्षेत्र के निधिकापूरा (मदरहा) के अधिवक्ता रमाशंकर मिश्र के तीन बेटों में सबसे छोटे अनूप मिश्रा (44) मेजा तहसील में पिता के साथ वकालत करते थे। बृहस्पतिवार शाम को वह तहसील से बाइक से घर लौट रहे थे। धरावल गांव के सामने तेज रफ्तार बाइक से उनकी बाइक भिड़ गई। हादसे में अधिवक्ता समेत तीन लोग घायल हो गए। सभी को सीएचसी भेजा गया। जहां अधिवक्ता अनूप मिश्रा को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि खीरी के टौंगा निवासी लवकुश और रामगरीब को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा कि घायल दोनों युवक नशे में थे। मृतक के पिता रमाशंकर मिश्र ने मेजा थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। इस दौरान एसडीएम दशरथ प्रसाद, एसीपी रवि कुमार गुप्ता और मेजा थानाध्यक्ष राजेश उपाध्याय मौके पर पहुंचे थे। साथ ही अधिवक्ताओं ने घटना स्थल पर जुटे रहे।

## अब्दुल रहमान को राम मंदिर से पहले महाकुंभ में करना था धमाका, STF की रिमांड में खुलासा।

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय)।हरियाणा में फरीदाबाद के पाली से गिरफ्तार किए गए संदिग्ध आतंकी अब्दुल रहमान ने रिमांड के दौरान एक और बड़ा खुलासा किया है। उसने बताया है कि अयोध्या के अयोध्या के राम मंदिर पर हमला करने से पहले उसे प्रयागराज में महाकुम्भ स्थल पर धमाका करना था। इस काम को अंजाम देने के लिए सीमा पार से उसके आका ने उसे हैंड ग्रेनेड लेने के लिए फरीदाबाद पहुंचने को कहा था, लेकिन पिता के बीमार होने के कारण महाकुम्भ के दौरान वह यहां नहीं आ सका था।सूत्रों के मुताबिक, एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स) द्वारा संदिग्ध आतंकी अब्दुल रहमान को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में आरोपी ने रहस्योद्घाटन किया है कि अयोध्या से पहले प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ पर हमला करना था। महाकुम्भ में करोड़ों की संख्या में लोग जमा हुए थे। ज्यादा भीड़ होने के कारण महाकुम्भ को निशाना बनाया जाना था। महाकुम्भ पर हमला करने के लिए उसे हैंड ग्रेनेड लेने के लिए फरीदाबाद आना था। इसी बीच अचानक से उसके पिता बीमार हो गए। इस वजह से उसने फरीदाबाद की यात्रा रद्द कर दी थी। जब उसके पिता की हालत में सुधार हुआ तो सीमा पार बैठे उसके आका ने उसे अयोध्या के राम मंदिर पर हमला करने का निर्देश दिया था। अयोध्या राम मंदिर पर हमला 4 मार्च के बाद कभी भी करना था। अब एसटीएफ की टीम उसे ग्रेनेड देने वाले स्लीपर सेल की तलाश में जुटी है।सूत्रों का कहना है कि भारत में सीमा पार से ग्रेनेड ड्रोन के जरिये पहुंचाए जा रहे हैं। हो सकता है कि राजस्थान या पंजाब की सीमा के पास ये ग्रेनेड पहुंचाए गए हों।बता दें कि, फरीदाबाद से गिरफ्तार इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रोविंस (आईएसकेपी) मॉड्यूल से जुड़े कथित संदिग्ध आतंकी अब्दुल रहमान को 4 मार्च को अयोध्या जाना था, लेकिन गुजरात एटीएस और पलवल एसटीएफ की संयुक्त टीम द्वारा 2 मार्च को ही उसे गिरफ्तार कर लिया गया।
गिरफ्तार अब्दुल रहमान से बुधवार को एनआईए और आईबी की टीम ने पूछताछ की। इस दौरान आरोपी ने कई खुलासे किए हैं।

## महाकुंभ में भी जलती रही शिक्षा की ज्योति- मेला क्षेत्र में बने 25 अस्थाई स्कूलों में 2346 बच्चों को दी गई शिक्षा, अब उनके जिले के स्कूलों की किया जा रहा है ट्रांस्फर



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय)।महाकुंभ के दौरान सफाई कर्मियों और अन्य कर्मचारियों के बच्चों के लिए बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से मेला क्षेत्र में ही 25 अस्थाई स्कूल खोले गए थे। जहां पर सफाई कर्मियों के बच्चों के साथ ही अन्य कर्मचारियों के बच्चों को शिक्षा दी जा सके। इसके लिए अलग से विभाग की तरफ से शिक्षकों की तैनाती की गई थी। जिससे बच्चों को सही प्रकार से शिक्षा दी जा सके।शिक्षकों के साथ जोड़े गए स्वयं सेवक बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से मेला क्षेत्र में संचालित किए जा रहे 25 स्कूलों में भी लगातार बच्चों को शिक्षा की देने की व्यवस्था की गई थी। इसके लिए शहर के अलग - अलग स्कूलों से शिक्षकों की ड्यूटी लगाने के साथ ही स्वयं सेवक संस्थाओं की भी मदद शिक्षा विभाग की तरफ से ली गई। इन अस्थाई स्कूलों में बच्चों को शिक्षा देने के साथ ही उनको पाठ्य पुस्तकों, स्कूल यूनीफार्म, स्वेटर, जूता मोजा आदि का वितरण भी किया गया। जिससे बच्चों को कि प्रकार की असुविधा ना हो सके। इसके साथ ही इन स्कूलों में बच्चों खाने आदि की व्यवस्था आदि भी की गई थी। मेला क्षेत्र में स्मार्ट क्लास से दी गई शिक्षा महाकुंभ में बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से तैयार कराए गए अस्थाई स्कूलों में बच्चों के लिए स्मार्ट क्लास की व्यवस्था की गई थी। इसके लिए विभाग की तरफ से अलग से बजट जारी किया गया था। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीन तिवारी ने बताया कि स्मार्ट क्लास के लिए भारत सरकार की तरफ से बजट जारी हुआ था। इसके अलावा इन स्कूलों में बच्चों के लिए अन्य सुविधाओं की व्यवस्था भी की गई थी। जिससे बच्चों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो सके। वर्जन महाकुंभ के दौरान कुल 25 अस्थाई स्कूलों को तैयार कराया गया था। जहां पर मेला क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों के बच्चों के पढ़ाई की व्यवस्था की गई थी। प्रवीण कुमार तिवारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी

## 700 से 900 का हुआ बादाम, काजू एक हजार के पार

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय)।महाकुम्भ के दौरान जहां वाहनों के प्रवेश की बाधा के कारण बाजारों में सामान का स्टॉक कम हो रहा था तो वहीं अगले हफ्ते होली को देखते हुए अब रौनक बढ़ गई है। ड्राई फ्रूट्स, सरसों का तेल, रिफाइंड और मैदा जैसी खाद्य सामग्री की बिक्री बढ़ गई है। पिछले साल की तुलना में इस बार 20 से 30 फीसदी तक सामान महंगे हुए हैं, लेकिन खरीदारों पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। थोक बाजार में बादाम 700 रुपये प्रति किलोग्राम और फुटकर बाजार में 900 से 950 रुपये प्रतिकिलो बिक रहा है। पिछले वर्ष होली के वक्त थोक बाजार में कीमत 550 रुपये के आसपास थी और फुटकर बाजार में 700 से 750 रुपये प्रति किलो थी। इस बार काजू एक हजार रुपये प्रति किलो हो गया है। जबकि फुटकर बाजार में पिछले साल 850 रुपये किलो काजू बिक रहा था। दुकानदारों का कहना है कि जनवरी और फरवरी में दाम बढ़े थे, क्योंकि आवक नहीं थी। लेकिन 26 फरवरी से लगातार हालात सामान्य होने के कारण धीरे-धीरे स्टॉक की उपलब्धता हो गई है। ऐसे में फुटकर और थोक दोनों मूल्यों में कमी आई है। इस बार सरसों का तेल 155 रुपये थोक में तो 162 से 170 रुपये प्रति लीटर फुटकर बाजार में, रिफाइंड ऑयल 165 रुपये लीटर थोक में तो 180 रुपये लीटर तक फुटकर बाजार में आ गया है। मैदा इस बार 40 रुपये किलो है, जो पिछले साल 30 रुपये किलो था, सूची 42 रुपये किलो है।दुकानों पर अब सामान आने लगा है। कुछ चीजों की कीमतें बढ़ी हैं, लेकिन हालात अब सामान्य होने लगे हैं। होली पर लोग खरीदारी के लिए आएंगे। नीरज, कर्नलगंज मैदा, सूजी और रिफाइंड ऑयल की कीमतें पिछले साल से आंशिक बढ़ी हैं। बाजार में लंबे समय से सामान नहीं था। अब धीरे-धीरे स्थिति सामान्य होने लगी है। सुनील गुप्ता, तेलियरगंज अब होली की तैयारी शुरू हो गई है। अभी बाजार में वो रौनक नहीं है, लेकिन रविवार के बाद से एक बार फिर तेजी आने की उम्मीद है। राजू केसरवानी, अल्लापुर अब सामान आने लगा है। सभी सामान आने लगे हैं। होली के अवसर अवसर पर खरीदारी की उम्मीद है। तेल रिफाइंड और मैदा की अधिक मांग होगी।राकेश कुमार, कटरा

# सनातन गौरव सम्मान से सम्मानित हुये श्रीहरिदास पीठाधीश्वर आचार्य प्रहलाद वल्लभ गोस्वामी



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

वृन्दावन ।रमणरेती मार्ग-हनुमान बाग स्थित मुक्तानन्द चित्र वीथी में श्रीहरिदास पीठाधीश्वर, इतिहासकार आचार्य प्रहलाद बल्लभ गोस्वामी महाराज का सम्मान किया गया ।यह सम्मान उन्हें मुक्तानन्द चित्र वीथि के संस्थापक व विश्वविख्यात चित्रकार द्वारिका आनंद ने प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र एवं ठाकुरजी का पटुका-प्रसादी-माला आदि भेंट कर सनातन गौरव की उपाधि से अलंकृत किया गया। चित्रकार द्वारिका आनंद ने इतिहासकार आचार्य प्रहलाद वल्लभ गोस्वामी द्वारा विगत चार दशकों से अनवरत रूप से काव्य, साहित्य, संगीत, समाज व संस्कृति के क्षेत्र में किये जा रहे अनेकानेक उल्लेखनीय सेवाकार्यों की सराहना की ।साथ ही उन्होंने कहा कि इतिहासकार आचार्य प्रहलाद वल्लभ गोस्वामी महाराज सच्चे संस्कृति सेवी हैं। उनके द्वारा इतिहास, कविता, आलेख, साहित्य संबंधित अनेक ग्रंथों का लेखन - सम्पादन - प्रकाशन किया जा चुका है ।इसके अलावा उनकी रंगमंचीय - धार्मिक, समाज व धाम हितैषी अनेक समारोहों के स्तरीय आयोजन इत्यादि के द्वारा सम्पन्न सद्सेवा कार्यों की फेहरिस्त बेहद लम्बी है। प्रमुख समाजसेवी कमलकांत गुप्ता (होटल देव रेजिडेंसी) ने कहा कि सादा जीवन - उच्च विचार भाव के पोषक तथा बातें कम काम ज्यादा सिद्धांत की अवधारणा को आत्मसात कर चुके आचार्य प्रहलाद बल्लभ गोस्वामी ब्रजधाम में गृहस्थी बाबा के नाम से प्रसिद्ध हैं। मनोज बंसल (बंसल मेडिकल) ने कहा कि श्रीहरिदास पीठाधीश्वर के व्यक्तित्व व कृतित्व से शिक्षा ग्रहण कर समाज को उनका अनुसरण करना चाहिए। इस मौके पर प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी पंडित, मुकेश पुरोहित, डॉ. राधाकांत शर्मा व विप्रांश बल्लभ गोस्वामी ने भी विचार व्यक्त किये ।कार्यक्रम का संचालन पंडित नवीन पुरोहित ने किया।

# अमृत कलश यात्रा- तीसरे दिन प्राचीन मंदिरों में जलाभिषेक

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बारा, प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय)।।अमृत कलश यात्रा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं ने बारा क्षेत्र के विभिन्न प्राचीन मंदिरों में जलाभिषेक किया। इस पवित्र यात्रा के दौरान सुजावन महादेव भीटा, सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर भटपुरवा, मन कामेश्वर मंदिर लाला पुर, सिद्धपीठ मंदिर छिड़ी और प्राचीन शिव मंदिर सोनबरसा में विशेष पूजा-अर्चना की गई। प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक महत्व भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि बारा क्षेत्र प्राचीन मंदिरों का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने सुजवान देव मंदिर, जो यमुना की धारा के पास स्थित है, और मन कामेश्वर मंदिर, जो पहाड़ की चोटी पर स्थित है, को इस क्षेत्र की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक धरोहर बताया। योगेश शुक्ल ने विशेष रूप से छिड़ी गांव सभा के पहाड़ियों पर स्थित सैकड़ों साल पुराने मंदिर का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह मंदिर विशाल और प्राचीन नींव पर आधारित है, जो इस क्षेत्र के गौरवशाली इतिहास को दर्शाता है। उन्होंने पुरातत्व विभाग से आग्रह किया कि इस मंदिर के अवशेषों और दीवारों का गहन अध्ययन किया जाए, ताकि यह पता लगाया जा सके कि किन परिस्थितियों में यह मंदिर क्षतिग्रस्त हुआ। उन्होंने रामगढ़ सोनबरसा के शिव मंदिर और बेलन-टौंस के संगम को भी उल्लेखनीय बताते हुए कहा कि ये स्थान अपने प्राकृतिक सौंदर्य से हर किसी को आकर्षित करते हैं। इस यात्रा में कमलेश मिश्रा, राजीव गिरी, अरुण मिश्रा, शंकर लाल पांडेय (प्रधान), राजीव पाण्डेय, हरी कांत, राकेश शुक्ल, आचार्य योगेश जी सहित कई श्रद्धालु शामिल रहे।

सभी ने भक्ति भाव से भगवान शिव का जलाभिषेक किया और क्षेत्र की धार्मिक विरासत को संरक्षित करने का संकल्प लिया।

# गौरी शंकर कन्या महाविद्यालय में दहेज एवं नशा मुक्त भारत पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित







उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। गौरी शंकर कन्या महाविद्यालय, बुलंदशहर में शुक्रवार को पढ़े महाविद्यालय, बढ़े महाविद्यालय अभियान के तहत दहेज मुक्त भारत एवं नशा मुक्त भारत विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अंशु बंसल ने छात्राओं को दहेज और नशे के खिलाफ शपथ दिलाई और समाज में इन कुरीतियों को खत्म करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूकता भी आवश्यक है ताकि छात्राएं आत्मनिर्भर और सशक्त नागरिक बन सकें। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित छात्राओं और शिक्षकों ने दहेज प्रथा एवं नशे से दूर रहने की प्रतिज्ञा ली और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

# 2027 में भाजपा का होगा सफाया, सपा बनाएगी सरकार- अर्चना पंडा




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर/औरैया (हितेश शर्मा)। पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम के दौरान समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव अर्चना पंडा ने कहा कि 2027 में उत्तर प्रदेश से भाजपा का सफाया होगा और समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने जनता को केवल गुमराह करने का काम किया है। उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को वोट देकर अखिलेश यादव को दोबारा मुख्यमंत्री बनाएं, जिससे प्रदेश में विकास कार्य तेज हो सके। इस मौके पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

# पद्मविभूषण तुलसीपीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य महाराज 08 मार्च से वृन्दावन में कहेंगे श्रीमद्भागवत कथा

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



वृन्दावन ।परिक्रमा मार्ग स्थित सुखधाम आश्रम में होली के उपलक्ष्य में सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव दिनांक 08 से 14 मार्च 2025 पर्यन्त अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया गया है।

जानकारी देते हुए प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि श्रीमज्जगद्गुरु पीपाद्वाराचार्य बाबा बलरामदास देवाचार्य महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित होने वाले इस सप्त दिवसीय महोत्सव का शुभारभ 08 मार्च को प्रात:काल गाजे-बाजे के मध्य निकलने वाली श्रीमद्भागवतजी की भव्य शोभायात्रा के साथ होगा ।तत्पश्चात पद्मविभूषण तुलसीपीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य महाराज अपनी सुमधुर वाणी में पूर्वाह्न 10 से अपराह्न 01 बजे तक समस्त भक्तों-श्रृद्धालुओं को श्रीमद्भागवत की अमृतमयी कथा श्रवण कराएंगे ।जिसमें सभी प्रभु भक्त सादर आमंत्रित हैं।

# सनातन संस्कार धाम में हुआ नव संवत 2083 के सनातन पंचांग का विमोचन



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

वृन्दावन ।आनंद वाटिका स्थित सनातन संस्कार धाम में संतों व विद्वानों के द्वारा नव संवत 2083 के सनातन पंचांग का विमोचन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। सनातन संस्कार धाम के संस्थापक, राष्ट्रीय प्रवक्ता भागवत भूषण आचार्य रामविलास चतुर्वेदी ने बताया कि उनके द्वारा प्रत्येक वर्ष सनातन पंचांग का निर्माण मथुरा के अक्षांश-रेखांश को लेकर के किया जाता है ।इस पंचांग में तिथि, मुहूर्त, व्रत, पर्व का विस्तृत वर्णन किया जाता है। सनातन पंचांग की विशेषता है कि इसमें सभी व्रत एवं पर्वों को एक तिथि में मनाए जाने का निर्णय दिया जाता है। पंडित बिहारी लाल वशिष्ठ ने कहा कि आचार्य रामविलास चतुर्वेदी के द्वारा यह प्रत्येक वर्ष सनातन पंचांग का निर्माण कर पूरे भारतवर्ष में 18000 पंचांग निःशुल्क वितरण किए जाते हैं। श्रीमद्जगतगुरु विष्णु स्वामी विजयराम देवाचार्य महाराज ने कहा कि सनातन पंचांग समस्त हिंदुओं के लिए बहुत ही उपयोगी है ।जिसमें तिथि मुहूर्त के साथ अंक ज्योतिष का भी विस्तार से वर्णन किया गया है। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी एवं आचार्य बद्रीश महाराज ने कहा कि यह पंचांग पूरे भारतवर्ष में सभी प्रमुख मंदिरों पर सनातन संस्कार सेवा संस्थान के द्वारा वितरित किया जाता है। महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद महाराज एवं धर्म रत्न स्वामी बलरामाचार्य महाराज ने कहा कि सनातन संस्कार धाम के तत्वावधान में जिस प्रकार से पंचांग का निर्माण कर समाज को एक सरल और श्रेष्ठ व्रत पर्व तथा सनातन संस्कृति को बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है,यह बहुत ही श्रेयकर है। भागवताचार्य चतुरनारायण पाराशर एवं महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. आदित्यानंद महाराज ने कहा की आचार्य रामविलास चतुर्वेदी समाज के कार्यों में सदैव तत्पर रहते हैं ।उनके द्वारा समाज हित में जो भी कार्य किए जा रहे हैं, उससे असंख्य व्यक्ति लाभान्वित हुए हैं और हो रहे हैं। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद महाराज, आचार्य ईश्वरचंद्र रावत, डॉ. राधाकांत शर्मा, गुलशन चतुर्वेदी, जितेंद्र चतुर्वेदी, ब्रजेश चतुर्वेदी, गजेंद्र चतुर्वेदी, सिद्धार्थ शास्त्री, हरिवल्लभ शास्त्री एवं अनिल शास्त्री आदि की उपस्थिति विशेष रही।

# गरीबों को सस्ती दवा उपलब्ध करा रहे जन औषधि केंद्र



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। जन औषधि दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल परिसर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सांसद डॉ. भोला सिंह, राज्यसभा सदस्य सुरेंद्र सिंह नागर और सीएमओ डॉ. सुनील कुमार दोहरे ने जन औषधि केंद्रों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस दौरान मरीजों और तीमारदारों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाओं की जानकारी दी गई। सांसद डॉ. भोला सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिससे गरीबों और जरूरतमंदों को सस्ती दरों पर दवाएं मिल रही हैं। राज्यसभा सदस्य सुरेंद्र सिंह नागर ने कहा कि भाजपा सरकार में गरीबों और किसानों को प्राथमिकता दी जा रही है और इस योजना के तहत महंगी दवाएं भी सस्ती दरों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। सीएमओ डॉ. सुनील कुमार दोहरे ने जानकारी दी कि जिले में वर्तमान में 40 जन औषधि केंद्र संचालित हो रहे हैं, साथ ही 13 सीएचसी पर भी नए केंद्र खोले जा रहे हैं। पश्चिमी यूपी नोडल अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि जन औषधि केंद्रों पर 2047 प्रकार की दवाएं और 300 से अधिक सर्जिकल आइटम सस्ती दरों पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान महिला उद्यमी कौशल शर्मा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय चेतना मिशन के अध्यक्ष हेमंत सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। एसीएमओ डॉ. सुनील कुमार, सीएमएस डॉ. प्रदीप राणा, डिप्टी सीएमओ डॉ. हरेंद्र बंसल, भाजपा नेता हिमांशु मित्तल, ठाकुर सुनील सिंह, लियाकत अली, विनोद चौधरी, राजेश राणा सहित कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# श्याम मित्र मंडल खाटू श्याम परिवार की बैठक संपन्न, फागन मेले की तैयारियों की समीक्षा



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। श्री श्याम मित्र मंडल खाटू श्याम परिवार की एक बैठक शुक्रवार को मीडिया प्रभारी सौरभ कोयल के आवास पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला महासचिव राजीव सिंगल ने की और संचालन उपाध्यक्ष कुलदीप सक्सेना ने किया। बैठक में आगामी 24 मार्च 2025 को डॉक्टर सिर के बाद पार्क, शिवपुरी में आयोजित होने वाले लो फिर आ गए हो श्याम रंगीला फागन मेले की तैयारियों की समीक्षा की गई। वरिष्ठ अध्यक्ष नीरज बंसल ने बताया कि कार्यक्रम की लगभग सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और शेष कार्यों के लिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय रूप से जुटने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में बाबा का भव्य दरबार कृष्णा इंटरनेशनल, दिल्ली द्वारा तैयार किया जाएगा, जो 80 फीट लंबा और 35 फीट ऊँचा होगा।

समिति के सदस्य वरुण शर्मा और संजीव वाल्मीकि ने प्रशासन से कार्यक्रम स्थल की व्यवस्था सुधारने, फॉगिंग, पेयजल, शौचालय और स्वास्थ्य शिविर की व्यवस्था करने की अपील की।

मेले में छप्पन भोग, अखंड चमत्कारी जोत, बाबा का हीरे जड़ित मुकुट और लकी ड्रॉ के माध्यम से चांदी की बांसुरी भेंट करने की भी योजना बनाई गई है। बैठक में दिव्यांशु सिंघल, मनोज गर्ग, राहुल सिंघल, अनुज जौहरी, चिराग सिंघल, शोभित राठौर, राधेश्याम अग्रवाल, अशोक गिरी, ओमप्रकाश दिवाकर, लोकेश बंसल सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# नरौरा में 80 लाख की धोखाधड़ी, पुलिस ने दर्ज किया मामला

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर (सचिन शर्मा)। नरौरा थाना क्षेत्र में एक बड़े वित्तीय धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जिसमें खातों से लगभग 80 लाख रुपये निकाल लिए गए। पुलिस ने इस संबंध में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जयरामपुर चौराहा नरौरा निवासी नीतू वार्ष्णेय ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनके पति कृष्ण राज वार्ष्णेय की मृत्यु के बाद उनकी कंपनी में वित्तीय अनियमितताएं सामने आईं। नीतू वार्ष्णेय के अनुसार, उनके पति द्वारा सुरक्षित रखे गए चेकों का दुरुपयोग किया गया और बड़ी धनराशि का गबन हुआ। आरोप है कि योगेंद्र सिंह नामक व्यक्ति ने कई चेकों का गलत तरीके से इस्तेमाल कर लगभग 57,50,774 रुपये अपने और अन्य खातों में ट्रांसफर कर लिए। इसके अलावा, नेट बैंकिंग का भी गलत तरीके से उपयोग कर पैसे निकाले गए। जब नीतू वार्ष्णेय ने इस मामले में योगेंद्र सिंह से बातचीत करने की कोशिश की, तो उसने अपने पुत्र हेमंत यादव के साथ मिलकर उन्हें धमकाया और जान से मारने की चेतावनी दी। पुलिस ने इस मामले में योगेंद्र सिंह, उनके पुत्र हेमंत यादव और अन्य के खिलाफ आईपीसी की धारा 379, 408, 419, 420, 506 और 477-A के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

# नगर पालिका बोर्ड बैठक में सर्वसम्मति से 39 करोड़ का बजट पास



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

जहांगीराबाद (सचिन शर्मा)। नगर पालिका की बोर्ड बैठक में शुक्रवार को सर्वसम्मति से 39 करोड़ रुपये का बजट पास कर दिया गया। हालांकि, बैठक के बाद कुछ सभासदों ने अपने-अपने वार्डों में विकास कार्य करवाने की मांग उठाई, जिससे माहौल कुछ देर के लिए गरमा गया। पालिकाध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी ने सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करवाने का आश्वासन देकर मामला शांत किया। नगर पालिका सभागार में सुबह 11 बजे शुरू हुई बैठक में सभी 25 सभासद मौजूद रहे। बैठक में कर्मचारियों के वेतन, अन्य खर्चों और विकास कार्यों सहित कुल 39 करोड़ रुपये के बजट का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सभी सभासदों ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया। बैठक समाप्त होने की घोषणा के बाद सभासद मनमोहन अग्रवाल, कल्पना शर्मा और मुन्नी अंसारी ने अपने वार्डों में विकास कार्य करवाने की मांग की, जिससे कुछ देर के लिए माहौल गर्मा गया। पालिका अध्यक्ष किशनपाल सिंह लोधी ने आश्वासन दिया कि सभी वार्डों में प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य कराए जाएंगे। अधिशासी अधिकारी मणिजी सैनी ने कहा कि नगर के जो वार्ड अब तक पिछड़े हुए हैं, उन तक भी विकास पहुंचाना पालिका की प्राथमिकता है।

# नगर पालिका बोर्ड बैठक में हंगामा, ईओ के खिलाफ गूंजे मुर्दाबाद के नारे



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

जहांगीराबाद (सचिन शर्मा)। नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक में शुक्रवार को उस समय हंगामा हो गया जब सभासदों की बात सुने बिना अधिशासी अधिकारी (ईओ) मणि जी सैनी बैठक छोड़कर चले गए। इस घटना से नाराज सभासदों ने ईओ के खिलाफ जोरदार मुर्दाबाद के नारे लगाए और उनकी कार्यशैली पर सवाल उठाए। बैठक में बजट को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया, लेकिन अपने वार्डों में विकास कार्यों को लेकर सभासद मनमोहन अग्रवाल, कल्पना शर्मा और मुन्नी अंसारी अपनी मांगें रखना चाह रहे थे। लेकिन इससे पहले कि वे अपनी बात पूरी कर पाते, ईओ मणि जी सैनी ने तानाशाही रवैया दिखाते हुए बैठक हॉल छोड़ दिया। उनके साथ नगर पालिका अध्यक्ष किशनपाल सिंह भी बाहर चले गए। सभासदों ने दोनों को दोबारा बैठक में बुलाने की मांग की, लेकिन जब यह मांग ठुकरा दी गई तो हॉल में ईओ के खिलाफ नारेबाजी शुरू हो गई। बैठक में उपस्थित 25 में से 23 सभासदों ने इस घटना पर नाराजगी जताई। इनमें मनोज शास्त्री, सुल्तान अंसारी, घननू राजोरा, नीतू सिंह, संजय कौरी, रिजवान खान, शशि पाठक, अनीस मलिक, राजकुमार, धर्मपाल सिंह मोहित, सुनीता, ओमप्रकाश लोधी, रोबिन, निशा सैनी, अंजलि, चमन देवी, मीनाक्षी देवी और पुष्पा देवी शामिल रहे।

# गिरी और लोधी समाज ने जन पंचायत में एकजुटता का लिया संकल्प



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। अनूपशहर विधानसभा क्षेत्र के गांव मुबारकपुर में गिरी समाज और लोधी समाज द्वारा जन पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता जयप्रकाश गिरी ने की, जबकि पूर्व विधायक मुकेश शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वे गांव-गांव जाकर पीडीए को जागरूक करेंगे और 2027 में समाजवादी पार्टी को सत्ता में लाने का संकल्प लेंगे। बैठक में डॉ. भीमराव अंबेडकर के सम्मान और संविधान की रक्षा पर चर्चा की गई। समाज के लोगों ने अपने अधिकारों के लिए संगठित होकर संघर्ष करने का निर्णय लिया। इस मौके पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष जोगेंद्र पोसवाल, प्रकाश कुमार लोधी, ज्ञान गिरी, भवानी सिंह लोधी, इंदरजीत सिंह लोधी, केशव कुमार लोधी, शिव कुमार गिरी सहित कई गणमान्य व्यक्ति और ग्रामीण मौजूद रहे। इस जन पंचायत का उद्देश्य समाज को जागरूक करना और उन्हें संगठित करना था। कार्यक्रम में भाग लेने वालों ने अपने विचार साझा किए और समाज की प्रगति के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। इस आयोजन ने समाज के लोगों में नई ऊर्जा और जागरूकता का संचार किया।